दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
ताज़ा खबरें और ई-पेपर पाने के लिए अभी स्कैन करें!
वर्ष: 17 | अंक 31 | सीकर, रविवार 29 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## पीएनजी और सीजीडी नेटवर्क के विस्तार को दें प्राथमिकता, पाइप लाइन बिछाने संबंधी स्वीकृतियां 24 घंटे में हो जारी : सीएम शर्मा



जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी जिला कलक्टर्स को प्रतिदिन एलपीजी के संबंध में नियमित समीक्षा कर जमीनी परिस्थितियों का फीडबैक लेने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, कालाबाजारी एवं ओवरप्राइसिंग में लिप्त संस्थाओं या व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई एवं बार-बार उल्लंघन करने वालों को ब्लैकलिस्ट करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आकस्मिक निरीक्षण कर अनियमितताओं पर तत्काल कार्रवाई तथा स्टॉक रजिस्टर एवं वास्तविक भंडारण का मिलान भी सुनिश्चित किया जाए। शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में एलपीजी आपूर्ति के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों को संयुक्त टीमों के तहत विशेष अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही, सभी जिलों में एलपीजी और आवश्यक वस्तुओं के गोदामों, एजेंसियों एवं वितरण केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

### शिकायतों का 24 घंटे में करें त्वरित समाधान

मुख्यमंत्री ने जिले में हेल्पलाइन एवं शिकायत पोर्टल की पूर्ण सक्रियता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का 24 घंटे में त्वरित समाधान हो तथा इसकी नियमित मॉनिटरिंग कर मुख्य सचिव स्तर पर रिपोर्ट दी जाए। वहीं, सोशल मीडिया, स्थानीय मीडिया एवं पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। उन्होंने कहा कि अफवाह या गलत सूचना के कारण उत्पन्न कृत्रिम मांग को तुरंत नियंत्रित करने के साथ ही मांग और आपूर्ति की वास्तविक स्थिति का भी दैनिक आकलन किया जाए।

### ओटीपी आधारित वितरण और डायरी में एंट्री अनिवार्य रूप से हो लागू

**शर्मा ने सभी जिला कलक्टर्स को केंद्र सरकार द्वारा जारी एलपीजी आवंटन संबंधी दिशा-निर्देशों की जिलों में पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित करवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ओटीपी आधारित वितरण और डायरी में एंट्री को अनिवार्य रूप से लागू करवाया जाए। साथ ही, पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) एवं सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क के विस्तार को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने संबंधी सभी स्वीकृतियां 24 घंटे के भीतर जारी हों। वहीं, औद्योगिक संस्थानों को पीएनजी अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जाए। बैठक में बताया गया कि केंद्र सरकार की नवीन एसओपी के तहत व्यवसायिक गैस सिलेंडर की आवश्यकतानुसार आपूर्ति सुनिश्चित करवाई जा रही है।**

## आईएएस मनोज का किया सम्मान



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** बड़ागांव बस स्टैंड स्थितगोमती देवी शिक्षण संस्थान में बड़ागांव के चयनित कलेक्टर डॉ मनोज का कॉलेज प्रबंधन एवं झुंझुनू जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग द्वारा साफा व माला पहन कर स्वागत किया एवं स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। कॉलेज निदेशक डॉ सीएल शर्मा ने झुंझुनू जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग तथा नव चयनित डॉ मनोज को प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मान एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर डॉ मनोज के बड़े भाई त्रिपुरा कलेक्टर डॉ दीपक एवं समस्त परिजन आशीर्वाद देने के लिए एकत्रित हुए। इस कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्या डॉ निधि शेखावत, बीएड कॉलेज प्राचार्य डॉ गजेंद्र सिंह शेखावत, डॉ सुशीला कुमारी, हेमंत शर्मा, सूबेदार आजाद सिंह, सीताराम झाझड़िया, नवीन कुमार, राकेश शर्मा, राकेश गुर्जर, उमा बाई, कीर्ति शर्मा, पिंकी जांगिड़, सुमन कुमारी, नरेंद्र सिंह, राजेश कुमार, रविंद्र शर्मा, रविंद्र झाझड़िया, प्रियंका तानेनिया, अक्षय कुमार शर्मा, कार्यालय अधीक्षक पवन कुमार जांगिड़, विकास सैनी, अशोक कुमार सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित मौजूद थे।

## शहरी गैस एजेंसी को ग्रामीण में जोड़ने से उपभोक्ता परेशान



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** जिला सेल्स ऑफिसर बीपीसीएल को पत्र भेजकर शिवम भारत गैस वितरक एजेंसी लाडनूं की श्रेणी ग्रामीण से शहरी में परिवर्तित करवाने की मांग की है। पत्र में बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेण्डर 45 दिन एवं शहरी क्षेत्र में 25 दिन में सप्लाई किए जा रहे हैं। शिवम् भारत गैस वितरक लाडनूं को ग्रामीण श्रेणी के अंतर्गत पंजीकृत कर दिया गया है जबकि यह शहरी क्षेत्र में स्थापित है यहां लाडनूं नगरपालिका के लगभग 10 हजार उपभोक्ता जुड़े हुए है। जिससे लाडनूं नगरपालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को सिलेण्डर 45 दिन पश्चात उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। जिससे शहरी उपभोक्ताओं पर ग्रामीण नियम लागू होने से कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां दिनभर सिलेंडर के लिए ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है मगर उनकी ऑनलाइन बुकिंग नहीं होने से खासा परेशानियां झेलनी पड़ रही है। शिवम् भारत गैस प्रबंधक हरदेवलाल जाट ने जिला सेल्स ऑफिसर वसीम अहमद एवं लाडनूं एसडीएम सहित उच्चाधिकारियों को बुकिंग समस्या का समाधान करवाने की मांग की है।

## राहड़ को दी श्रद्धांजलि




निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** किसान सभा नवलगढ़ के पूर्व कोषाध्यक्ष, पूर्व प्रधानाचार्य, किसान नेता, कॉमरेड महादेव सिंह राहड़ जाखल के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे 97 वर्ष के थे। उनके सम्मान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में किसानों, समाजसेवियों व ग्रामीणों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। किसान नेता सुभाष बुगालिया ने बताया कि राहड़ ने अपने कार्यकाल के दौरान किसान सभा को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे हमेशा किसानों के हक की आवाज बुलंद करते रहे और सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाई। उनके सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण वे सभी के बीच लोकप्रिय थे। इस दौरान भामाशाह रामजीलाल मूंड, नरेन्द्र सिंह पायल, पीटीआई विनोद सिंह, मुनेश कालेर सहित उपस्थित लोगों दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि राहड़ का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा और उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणा बना रहेगा।

## राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित हो रही विभिन्न प्रतियोगिताएं

**चूरू (नवयत्न)।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 30 मार्च, 2026 तक विशेष चरण का आयोजन किया जा रहा है। इस चरण के दौरान वंदे मातरम् फ्रेम्स कार्यक्रम अंतर्गत फिल्म मेकिंग प्रतियोगिता व सेल्फी इवेंट आदि आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रगीत के प्रति समर्पण और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने के इस विशेष अभियान में आमजन अधिकाधिक भागीदारी लें। फिल्म मेकिंग कंपीटिशन के लिए एक मिनट से कम अवधि की रील, 3 से 5 मिनट अवधि की एआई बेस्ड फिल्म व 15 मिनट तक की शॉर्ट फिल्म की एंट्री की जा सकती है। इसी के साथ राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष चरण में राष्ट्रगीत गायन के साथ सेल्फी अपलोड कर तथा साथ में राष्ट्रगीत का गायन कर प्रतिभागिता का सर्टिफिकेट भी डाउनलोड कर सकते हैं।

## पश्चिम एशिया में एक महीने से अधिक समय से चल रहे युद्ध के कारण पूरा विश्व गहरी चिंता में है : पीएम मोदी



नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय विमान पत्तन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज से 'विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत अभियान' में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत का सबसे बड़ा राज्य अब अंतरराष्ट्रीय विमान पत्तनों की सबसे अधिक संख्या वाले राज्यों में से एक बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें दोहरी खुशी है, पहली इस विमान पत्तन की नींव रखने और अब इसका उद्घाटन करने पर, और दूसरी इस भव्य विमान पत्तन का नाम उत्तर प्रदेश से जुड़ने पर।

वहीं वर्तमान वैश्विक स्थिति पर बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में एक महीने से अधिक समय से चल रहे युद्ध के कारण आज पूरा विश्व गहरी चिंता में है। इस युद्ध के चलते कई देशों में भोजन, पेट्रोल, डीजल, गैस और उर्वरक जैसी आवश्यक वस्तुओं का संकट पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत इस युद्धग्रस्त क्षेत्र से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस आयात करता है।

## अमित शाह का गुवाहाटी में रोड शो : बंगाल में बोले

## ममता चुनाव में विक्टिम कार्ड खेलती हैं, डीएमके ने कैंडिडेट्स लिस्ट जारी की

नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम/गुवाहाटी/कोलकाता/चेन्नई।



गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुवाहाटी (असम) में रोड शो किया। इसके पहले शाह ने कोलकाता में ममता सरकार के खिलाफ आरोप पत्र (चार्जशीट) जारी किया। शाह ने कहा, 'इसमें टीएमसी सरकार के 15 साल के काले कारनामों का जिक्र है, ये जनता की चार्जशीट है। बंगाल में अराजकता और बदहाली है। यहां की अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है।'

उन्होंने कहा, 'ममता दीदी ने हमेशा विक्टिम कार्ड की राजनीति की है। कभी पैर तुड़वा लेती हैं, कभी सिर पर पट्टी बंधवा लेती हैं, कभी बीमार हो जाती हैं और कभी चुनाव आयोग को गालियां देती हैं। लेकिन बंगाल के लोग अब ममता दीदी की विक्टिम कार्ड पॉलिटिक्स को अच्छी तरह समझ गए हैं।'

मार्च 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले ममता के सिर में चोट में लगी थी, जबकि 2021 में विधानसभा चुनाव के पहले उनके पैर में चोट लगी थी। उधर, टीएमसी ने भी भाजपा के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया।

### 5 चुनावी राज्यों से जुड़े बड़े अपडेट्स

तमिलनाडु में द्रमुक ने पार्टी कैंडिडेट्स की लिस्ट जारी की। इसके पहले पार्टी ने सहयोगियों के साथ सीट शेयरिंग फाइनल की। ममता बनर्जी ने रानीगंज में रैली में कहा कि बंगाल को बर्बाद करने की कोशिश में भाजपा देश में सत्ता खो देगी। असम के असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पर सिर्फ एक समुदाय की पार्टी होने का आरोप लगाया। हिमंता ने कहा कि लगभग 99 प्रतिशत हिंदू कांग्रेस छोड़ना चाहते हैं।

## साइकिल वितरण समारोह आयोजित

निसं




**तारानगर (नवयत्न)।** राउमावि रैयाटुण्डा में साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 30 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कक्षा 5, 8 और 10 के उत्कृष्ट परिणामों पर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने खुशी जाहिर की।

बैठक में परिणामों की समीक्षा और नामांकन वृद्धि के लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। समारोह के मुख्य अतिथि पं.स. सदस्य चन्दन तेतरवाल थे। उन्होंने साइकिल वितरण को सरकार की महत्तवपूर्ण फ्लैगशिप योजना बताया। समारोह अध्यक्ष एवं प्राचार्य ओम कड़वासरा ने अभिभावकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया और राजकीय विद्यालय में अधिकाधिक नामांकन करवाने का आह्वान किया। इस दौरान साहबराम जांगिड़, अमिलाल प्रजापत, नानूराम प्रजापत, अभय, प्रतापसिंह मान, जयचंद, हरिशंकर शर्मा, मनोज जोशी, बजरंग पारीक, पर्वत सिंह भाटी, चुन्नीलाल सहारण, महेश कुमार, धर्मपाल, प्रमिला, बिरखा, सरोज आदि अनेक अभिभावक एवं विद्यालय के कार्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम संचालन मनोज कुमार शर्मा ने किया ।

## पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख कमर बाजवा की मौत

### बाथरूम में फिसलने से सिर में गंभीर चोट आई थी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा का 65 साल की उम्र में शनिवार को निधन हो गया। फरवरी में घर के बाथरूम में फिसलने के बाद उन्हें सिर में गंभीर चोट लगी थी, जिसके बाद रावलपिंडी के मिलिट्री अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था और वे आईसीयू में भर्ती थे। डॉक्टरों ने उनकी सर्जरी की थी। शुरुआत में डॉक्टरों ने सर्जरी को सफल बताया था, लेकिन उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी और लगातार निगरानी में रखा गया था। बाजवा 2016 से 2022 तक पाकिस्तान के सेना प्रमुख रहे और रिटायरमेंट के बाद भी देश की राजनीति और सुरक्षा मामलों में प्रभावशाली माने जाते थे।


## मावर की पुण्यतिथि पर गायों को खिलाया हरा चारा

निसं




**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** खेतड़ी की रघुनाथ गौशाला में अध्यपाक जगदीश प्रसाद मावर की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर गायों को हरा चारा खिलाया गया। डॉ. अनिल मावर ने बताया कि स्व. जगदीश प्रसाद मावर की तीसरी पुण्य तिथि के अवसर पर परिवार के सदस्यों ने जगदीश प्रसाद मावर की याद में सुबह रघुनाथ गोशाला खेतड़ी में जाकर गयो को हरी सब्जियां व चारा खिलाया। उन्होंने बताया कि अन्य खर्च करने की बजाएं बैजुबान जानवरों को खाना खिलाना सबसे बड़ा धर्म होता है। इस मौके पर सुनील मावर, सुमन, डॉ. अनिल मावर, वंदना, डॉ. नवीन मावर, सीमा, अनुष्का, यशस्वी, ओजस्वी, प्रियांशु, धर्मिष्ठा आदि परिवार के लोग मौजूद थे।

## कोबरी-सार




## मिलावटी पनीर को बाजार में असली बताकर बेचा जा रहा था

## 700 किलो से अधिक नकली पनीर बरामद

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** जवाहर नगर थाना पुलिस ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार को 700 किलो से अधिक नकली पनीर मावा बरामद किया। जिससे मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया है। इस मामले में खाद्य विभाग की टीम को मौके पर बुलाकर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस मिलावटी पनीर को बाजार में असली बताकर बेचा जा रहा था। थानाधिकारी महेश चंद्र ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि टीला नंबर-1 स्थित राजेश डेयरी पर नकली मावा सप्लाई होने वाला है। इस पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर पिकअप वाहन से भारी मात्रा में लाया गया मावा बरामद किया। जिसे बाजार में सप्लाई से पहले ही पकड़ लिया गया। इस कार्रवाई के दौरान सीएमएचओ प्रथम की टीम को बुलाकर नमूने लिए गए हैं।

जांच रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पूरी कार्रवाई एडीसीपी आलोक सिंघल और एसीपी लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में थाना प्रभारी महेश चंद्र के नेतृत्व में की गई। टीम में कांस्टेबल अशोक, धर्मपाल सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## कैरियर परामर्श आयोजित



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेलूसर बीकान में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें सही दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से विशेष करियर काउंसलिंग शिविर का आयोजन किया गया। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहित होकर भाग लिया। करियर काउंसलर राजेंद्र पिंडार ने बच्चों को भविष्य की चुनौतियां व अवसरों से रूबरू करवाया। रुचि और मेहनत ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विज्ञान के छात्रों के लिए मेडिकल, इंजीनियरिंग, डिफेंस, रिसर्च, डाटा साइंस व होटल मैनेजमेंट तथा नए दौर के तकनीकी कोर्सेज की जानकारी दी। कला वर्ग के विद्यार्थियों को भी नवीन क्षेत्र में जाने की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया। काउंसलर पिन्डार ने रिमार्केबल एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 7300023501 भी सांझा किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य महेश कुलड़िया ने कहा कि आप विद्यार्थी की क्षमताओं और सपनों के बीच एक पूल है। आपकी सही सलाह बच्चों की दिशा बदल सकती है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य हेमंत सैनी, सुंदरलाल सैनी, अनोपसिंह राठौड़, गौरीशंकर वर्मा, रामलाल मूंड, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रभा पारीक ने किया।

## न्यूयॉर्क फैशन वीक में जयपुर गोट्टा की रही चमक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान की प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर कीर्ति राठौड़ ने न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में आयोजित न्यूयॉर्क फैशन वीक फॉल–विंटर 2026 में अपनी नवीनतम कलेक्शन जयपुर गोट्टा का भव्य प्रदर्शन कर अंतरराष्ट्रीय मंच पर राजस्थान की पारंपरिक कला को नई पहचान दिलाई। वह राजस्थान की एकमात्र डिजाइनर हैं जिन्हें हर वर्ष इस प्रतिष्ठित फैशन वीक में भारतीय फैशन प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। कीर्ति राठौड़ की कलेक्शन में ऑर्गेनिक हैंड.डाइड चमकीले रंगों की साड़ियां शामिल रहीं, जिन पर जयपुर की पारंपरिक बंधेज कला के साथ गोटा–पट्टी और चरखी गोटा की बारीक कढ़ाई की गई थी। यह कारीगरी जयपुर के नायला गांव के कुशल कारीगरों द्वारा तैयार की गई। आधुनिकता का स्पर्श देने के लिए इन साड़ियों को कॉर्सेट ब्लाउज के साथ पेश किया गया। जिससे पारंपरिक और समकालीन फैशन का सुंदर संगम देखने को मिला। साड़ियों को धोती ड्रेप सहित कई नए अंदाज में स्टाइल कर क्लासिक फैशन को नया रूप दिया गया। कीर्ति की इस कलेक्शन ने अमेरिकी दर्शकों के बीच राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। जिसे खूब सराहा गया और प्रस्तुति को स्टैंडिंग ओवेशन मिला। हाई टेक मोडा द्वारा आयोजित यह दो दिवसीय न्यूयॉर्क फैशन वीक दुनिया भर के डिजाइनर्स और ब्रांड्स के लिए एक बड़ा मंच रहा। श्माय ड्रीम गर्ल कमलेश चुघ संस्था ने भारतीय मूल की अमेरिकी मॉडलों को कीर्ति की कलेक्शन प्रस्तुत करने का अवसर दिया। शो की कोरियोग्राफी अभिनेता और मिस्टर इंडिया आर्यन वैद ने की। जबकि नन्ही मॉडल बियांका ने शो–स्टॉपर के रूप में आकर्षण का केंद्र बनीं। कीर्ति राठौड़ की रॉयल कलेक्शन को अमेरिका की कई प्रमुख हस्तियों और अमेरिकी एंबेसी के सदस्यों ने भी सराहा। कीर्ति का उद्देश्य विभिन्न देशों में फैशन टूरिज्म को बढ़ावा देना और भारतीय टेक्सटाइल व हस्तशिल्प को वैश्विक पहचान दिलाना है। वह विशेष रूप से राजस्थान की महिला कारीगरों और छोटे व्यवसायों को मंच देकर उनके कार्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा रही हैं। कीर्ति राठौड़ ने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2012 में एक साधारण सिलाई मशीन से की थी। बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के उन्होंने अपने नए विचारों और मेहनत के दम पर फैशन जगत में पहचान बनाई। शुरुआत में पुरुष परिधान डिजाइन करने के बाद उन्होंने बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और अभिनेत्री श्रीदेवी के लिए परिधान तैयार किए और बाद में महिला फैशन में भी कदम रखा। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई सम्मान प्राप्त कर चुकी कीर्ति राठौड़ आज वैश्विक मंच पर भारत का नाम रोशन कर रही हैं और अपने डिजाइनों के माध्यम से नो वॉर–लिव एंड लेट लिव का संदेश दे रही हैं।

## नेशनल प्रिंटिंग एक्सपो का आगाज




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर के जेईसीसी में आयोजित नेशनल प्रिंटिंग एक्सपो 2026 में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने भाग लेकर प्रिंटिंग और पैकेजिंग उद्योग की अत्याधुनिक तकनीकों और नवाचारों का अवलोकन किया। यह आयोजन प्रिंटर्स क्लब ऑफइंडिया एवं राजस्थान ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने प्रिंटिंग उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों और उद्यमियों से संवाद कर उनके अनुभवों और सुझावों को जाना। उन्होंने कहा कि प्रिंटिंग उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और आधुनिक तकनीकों को अपनाकर इसे और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टॉल्स का दौरा किया और नवीनतम तकनीकी नवाचारों की जानकारी ली। उन्होंने स्टार्टअप और युवाओं को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि राज्य सरकार उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस एक्सपो के माध्यम से प्रदेश में तकनीकी उन्नयन को बढ़ावा मिलने के साथ–साथ निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित भी होंगे। कार्यक्रम में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, प्रिंटिंग क्लब के एमडी आदित्य सिंह, डायरेक्टर ललित कुमावत व नितिन मानदेव, प्रोफेशनल डायरेक्टर आर.ड़ी. भटनागर, राजस्थान ऑफसेट प्रिंटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय गुप्ता, महासचिव विकास अग्रवाल सहित देश भर से पधारे उद्यमी, प्रिंटिंग के क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ आदि उपस्थित रहे।


## केवी स्कूल में प्रथम कक्षा पंजीकरण करवाने की अंतिम तिथि दो अप्रैल

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केवी स्कूल में कक्षा प्रथम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रांरभ हो गए है जिनकी अंतिम तिथि दो अप्रेल तक है। प्राचार्य केएल मीणा ने बताया कि कक्षा एक में 80 सीटों के प्रवेश आवेदन के लिए बीस मार्च से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं, जिनकी अंतिम तिथि दो अप्रैल है। उन्होंने बताया कि अभिभावकों को कक्षा एक में प्रवेश के लिए स्कूल के लिंक पर जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। उन्होंने बताया कि कक्षा 2 से कक्षा 9 तक में रिक्त स्थान होने की स्थिति में ऑफलाइन प्रवेश फार्म विद्यालय में 2 अप्रैल से 8 अप्रैल तक भरे जायेंगे। सभी प्रवेश केंद्रीय विद्यालय संगठन की प्रवेश गाइडलाइन के अनुसार किए जाएंगे।

# पुष्य नक्षत्र पर गणेश मंदिरों में उमड़ी श्रद्धा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** सनातन धर्म में 27 नक्षत्रों में सर्वश्रेष्ठ माने जाने वाले पुष्य नक्षत्र के अवसर पर शनिवार को शहरभर के गणेश मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का विशेष वातावरण देखने को मिला। नक्षत्रों के राजा कहे जाने वाले इस शुभ योग में भक्तों ने प्रथम पूज्य भगवान गणेश की विधिवत पूजा.अर्चना कर सुख–समृद्धि और विघ्नों के नाश की कामना की। ज्योतिषाचार्य विनोद बिहारी शास्त्री के अनुसार पुष्य नक्षत्र शुद्धता, समृद्धि और सफलता का प्रतीक है तथा इस दिन किए गए धार्मिक कार्य, नई शुरुआत और मंत्र साधना विशेष फलदायी मानी जाती है। यही कारण रहा कि सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही।

मोती डूंगरी गणेश मंदिर में भगवान गणेश का 251 लीटर दूध, 21 किलो दही, 5 किलो घी, 21 किलो बूरा, शहद, केवड़ा जल और गुलाब जल से भव्य पंचामृत अभिषेक किया गया। महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि पहले गंगाजल से शुद्धिकरण कर गणपति सहस्त्रनाम के साथ अभिषेक किया गया और 1001 मोदक अर्पित कर विशेष श्रृंगार किया गया। नहर के गणेश मंदिर में रवि पुष्य योग के दौरान दूर्वा से अभिषेक के साथ गणपति अथर्वशीर्ष एवं अष्टोत्तर शतनामावली के मंत्रोच्चार किए गए। शाम को 251 दीपकों से भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं को अभिमंत्रित रक्षा सूत्र भी वितरित किए गए। वहीं, परकोटा स्थित गणेश मंदिर चांदपोल में भगवान को 101 किलो दूध और पंचामृत से अभिषेक कर सिंदूरी चोला चढ़ाया गया। मावे के मोदक का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को हल्दी की गांठ और सुपारी प्रसाद स्वरूप वितरित की गई। पुष्य नक्षत्र के शुभ प्रभाव के चलते बाजारों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने सोना–चांदी, वाहन और अन्य वस्तुओं की खरीदारी को शुभ मानते हुए जमकर खरीदारी की। वहीं साधकों ने इस दिन मंत्र सिद्धि और विशेष साधनाओं का भी लाभ उठाया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर होगा धार्मिक कार्यक्रम

निसं

**उदयपुरवाटी (नवयत्न)।** रामपुर के पास स्थित 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग पर दक्षिण मुखी बालाजी पीठ संत आश्रम रामपुर में आगामी 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर धार्मिक कार्यक्रम होंगे। स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज पीठाधीश्वर वेंकटेश बालाजी मठ लोहार्गल धाम तीर्थ व दक्षिण मुखी बालाजी पीठ संत आश्रम रामपुरा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर में मंडल पूजन, गरुड़ ध्वजा स्थापना, महाभिषेक, प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद का आयोजन होगा। रामपुरा दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर–शोर से चल रही है।

# आज होंगे सेमी फाइनल मुकाबले

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के नेहरू मैदान में चल रही स्वामी विवेकानंद इंटर डिपार्मेंट डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवे दिन शुक्रवार को मीडिया एवं नगरपालिका की टीम के बीच पहला क्वार्टर फाइनल कड़ा मुकाबला खेला गया। मीडिया टीम ने नगरपालिका को 17 रन से हरा कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। एसडीएम सुनील चौहान ने बताया कि केसीसी के नेहरू मैदान में स्वामी विवेकानंद इंटर डिपार्मेंट डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवे दिन शुक्रवार को पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला मीडिया एवं नगर पालिका टीम के बीच खेला गया।

मीडिया टीम ने पहले बलेबाजी करते हुए 15 ओवर में 122 रन बना कर ऑल आउट हो गई। मीडिया की तरफ से मुकेश सैनी ने 25 गेंदों पर दो छक्के व 6 चौकों की मदद से 42 रन बनाएं। जवाब में मीडिया के मंजीत तंवर ने 15 रन देकर दो विकेट, जतीन जांगिड़, मुकेश सैनी, विनय ने अपनी टीम के लिए एक–एक विकेट लेते हुए नगरपालिका की टीम को छह विकेट के नुकसान पर 105 रन ही बनाने दिए, मीडिया ने 17 रनों से मैच जीत कर सेमी फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी। मीडिया के मुकेश सैनी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दुसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला पंचायती राज एवे रेवेन्यू के बीच खेला गया जिसमें पंचायती राज ने एक तरफा मैच जीत कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। पंचायती राज विभाग ने पहले बलेबाजी करते हुए 15 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 211 रन बनाते हुए मेडिकल विभाग के 210 रनों का रिकॉर्ड तोड़ा। पंचायती राज के सुनील कुमार ने 32 गेंदों पर 72 रन बना कर आउट हुए वही संजय ने 21 गेंदों में 9 छक्के, तीन चौके लगाते हुए 72 रन बनाकर नॉट आउट रहे। जवाब में रेवेन्यू की टीम 107 रन बना कर ऑल आउट हो गई, पंचायती राज के सुनील कुमार ने 21 रन देकर चार, विक्रम ने दो विकेट लेते हुए अपनी टीम को 104 रन से जीत दिलाते हुए सेमी फाइनल में प्रवेश किया। सुनील कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अतिथियों ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एसडीएम सुनील चौहान, डीएसपी जुल्फीकार अली, तहसीलदार सुनील मील, समाज सेवी हरीराम गुर्जर, बबलू अवाना, बीसीएमओ डॉ. हरीश यादव, डॉ. महेंद्र सैनी, सुनील सैनी आदि मौजूद थे।

## भाजपा जिला अध्यक्ष का जन्मदिवस हर्षोल्लास से मनाया



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी झुंझुनू की जिला अध्यक्ष एवं निवर्तमान जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी का 39 वां जन्मदिन जिला कार्यालय झुंझुनू में कैक काटकर मनाया गया। जिला कार्यालय में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष को बुके, दुप्पटा एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर उन्हें जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। भाजपा जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया और जन्मदिन के शुभ अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं को सदैव साथ लेकर पार्टी हित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा, दलीप सैनी, जिला उपाध्यक्ष अनीता जांगिड़, महावीर ढाका, सुनील लांबा, अजय चाहर, भूपेंद्र शेखावत, मंत्री मंजू सैनी, प्रकोष्ठ संयोजक जयप्रकाश सुरा, अंजू काला, जिला प्रवक्ता संजय मोरवाल आदि जिले भर से कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में हिन्दी कार्यशाला आयोजित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर के अधिष्ठाता डीन शास्त्री कौशलेंद्र दास ने विषय विशेषज्ञ के रूप में हिन्दी और संस्कृत के अन्त:सम्बन्ध विषय पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस कार्यशाला के दौरान हिन्दी एवं संस्कृत के परस्पर संबंधों पर सार्थक चर्चा हुई। प्रतिभागियों को भाषा के गहन अध्ययन तथा उसके महत्व को समझने का अवसर प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शालाक्य तंत्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. शमशा फियाज ने की। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक जे.पी. शर्मा, राजभाषा अधिकारी डॉ. राकेश नागर सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेहाड़ा देवनारायण स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** मेहाड़ा की देवनारायण राबाआवि में प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक निदेशक अशोक कुमार जांगिड़, एसीबीईओ राजेश कुमावत, जयसिंह गुर्जर मौजूद थे। अध्यक्षता प्रधानार्चा विद्या रोहिताश्व ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती चित्र के समक्ष दिप प्रज्जवलित कर किया। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा ने स्कूल के दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम की सराहना करते हुए कहा कि मेहाड़ा की देवनारायण राबाआवि जैसा परिणाम हर सरकारी स्कूल को देना चाहिए जिससे अभिभावकों को सरकारी स्कूलों पर विश्वास हो वह अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में बगैर किसी संकोच के भेजे। मुख्य अतिथि ने स्कूल से संबंधित विषयों को लेकर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही छात्राओं से स्कूल की व्यवस्थाओं को लेकर रूबरू हुए। इस दौरान नव प्रवेश करने वाले बच्चों को तिलक व माला पहना कर स्वागत किया। अतिथियों ने छात्राओं के साथ बास्केट बॉल मैच खेला। प्रधानाचार्या विद्या रोहिताश्व ने अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि कक्षा दसवीं की सभी 39 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

# स्वच्छता अभियान में श्रद्धालुओं को किया जागरूक

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निगम जयपुर के आदर्श नगर जोन के वार्ड संख्या 130 स्थित पवित्र गलता पीठ कुण्ड पर शनिवार को स्वच्छता एवं जन–जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। यह पहल धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण के समन्वय का उदाहरण बनी। नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि अभियान के दौरान श्रद्धालुओं को पूजा–पाठ में उपयोग की गई सामग्री–फूल–माला, कपड़े, दीपक एवं अन्य धार्मिक अवशेष–का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें समझाया गया कि इन सामग्रियों को सीधे जल स्रोत में प्रवाहित करने से जल प्रदूषण बढ़ता है, जिससे पर्यावरण और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी क्रम में नगर निगम द्वारा धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए नई पहल भी शुरू की गई है। मंदिरों में अलग–अलग पात्र रखवाए गए हैं, जिनमें श्रद्धालु धार्मिक तस्वीरें, फूल–माला, दीपक, रोली–टीका सहित अन्य पूजा सामग्री अलग–अलग डाल सकें। इस व्यवस्था का उद्देश्य धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाए रखना और पूजा सामग्री का उचित निस्तारण सुनिश्चित करना है। नगर निगम टीम ने श्रद्धालुओं को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया। उपस्थित नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया। अभियान की विशेषता जनभागीदारी रही, जिससे यह संदेश गया कि स्वच्छता केवल निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीआईयू टीम एवं वार्ड के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक सहित उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## आरपीएससी वरीयता क्रमांक में चयनित होने पर बेटी को किया सम्मानित

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** उपखंड के बेरला गांव की बेटी रेनू खरड़िया पुत्री राजवीर सिंह खरड़िया का आरपीएससी वरीयता क्रमांक में चयन होने पर ग्रामीणों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। युवा नेता अमित बिजारणियां ने बताया कि गांव की होनहार बेटी रेणु का आरपीएससी वरीयता क्रमांक–2024 गणित विषय में प्रथम वरीयता क्रमांक से चयनित होने पर पूर्व विधायक सुभाष पूनियां, निवर्तमान प्रधान बलवान सिंह सहित परिजनों व ग्रामीणों ने सम्मान किया व इस शानदार उपलब्धि पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सरस्वती बी.एड. कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** काका कॉलोनी स्थित सरस्वती ग्रुप द्वारा संचालित सरस्वती बी.एड. कॉलेज में विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था सचिव ओम प्रकाश सैनी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लोकेश शर्मा ने की। कार्यक्रम में डॉ. मोहनलाल शर्मा प्राचार्य, सरस्वती आयुर्वेद नर्सिंग, डॉ. गायत्री पांडिया, कविता शर्मा, अरुण जांगिड़, नेहा भोजक, हरिप्रसाद प्रजापत, गौतम भोजक, रामलाल बेनीवाल, चंदनमल सैनी डी फार्मा प्रभारी, विकास सैनी आईटीआई अधीक्षक, रोहित सैनी सचिव, आदर्श विद्या निकेतन, मोहित सैनी सचिव, ज्ञान वाटिका शिक्षण संस्थान, विनोद सेन, गोपीचंद मेघवाल, रामस्वरूप झोरड़, राधिका सैनी,भागीरथ मेघवाल एवं चंपालाल मेघवाल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह के दौरान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। मोनिका मीणा, अनिका बेनीवाल, सुशीला सहू, पुष्पा, जया, दिव्या, भारती, राधिका और भावना ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। विदाई समारोह में 4जी ईयर के छात्र भीमसेन को मिस्टर फेयरवेल और छात्रा सुनीता सहू को मिस फेयरवेल चुना गया। संस्था सचिव ओमप्रकाश सैनी ने प्रशिक्षणार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विजेताओं को प्रतीक चिन्ह भेंट किए। इस दौरान संस्था सचिव ओमप्रकाश सैनी ने छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का सशक्त साधन है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान, संस्कार और मेहनत के बल पर समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं और अपने क्षेत्र व देश का नाम रोशन करें। साथ ही उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन, समर्पण और निरंतर प्रयास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशिक्षणार्थी राधिका शर्मा और भावना राठौड़ द्वारा किया गया। समारोह का माहौल उत्साह, भावनाओं और उमंग से भरपूर रहा।

# हिमांशु ने मारी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में बाजी



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** हिमांशु सैनी पुत्र विद्याधर सैनी ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 10वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परिजनों व गांव का नाम रोशन किया।

आदर्श बाल विद्या मंदिर सीनियर सैकंडरी स्कूल इस्माईलपुर के संस्था प्रधान जोगेश्वर सैनी ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा। भोमपुरा निवासी हिमांशु सैनी ने 82.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र में परिजनों व गांव का नाम रोशन किया। शनिवार को स्कूल प्रबंधन द्वारा हिमांशु के घर पहुंचकर छात्र का सम्मान व स्वागत किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुरेश कुमार, रतन लाल, दिनेश कुमार, राजेश कुमार, अनिल, राजेन्द्र सिंह सहित अभिभावक व ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों की रैली निकाल किया अभिनन्दन

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** क्षेत्र में इस वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणामों ने एक बार फिर प्रतिभाओं की चमक को उजागर किया है। नौनिहालों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने परिवार, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसी कड़ी में ठत्ड स्कूल की छात्रा ममता शर्मा पुत्री जगदीश प्रसाद शर्मा ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और विद्यालय में हर्ष का माहौल है। वहीं, लालाराम के सुपुत्र संदीप ठोलीया ने सनराइज मॉडर्न शिक्षण संस्थान, छपारा में अध्ययन करते हुए 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत का परिचय दिया। इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सम्मान में रालोपा नेता रामकरण रेवाड़ द्वारा शिमला में एक विशेष रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी सफल छात्रों का माला पहनाकर और साफा बांधकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन एवं बच्चों के लिए प्रेरणा देने वाला साबित हुआ।

## विश्वकर्मा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 26 अप्रैल को

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** समाज के विद्यार्थियों के समग्र विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विश्वकर्मा युवा मित्र मंडल एवं अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय विश्वकर्मा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 26 अप्रैल, रविवार को प्रात: 11 से 12:30 बजे तक प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालय पर चयनित केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा आयोजन को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है तथा जिले वार कमेटीयों का गठन किया जाकर जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को लेकर समाज के विद्यार्थियों में बेहद उत्साह नजर आ रहा है और अब तक हजारों की तादाद में रजिस्ट्रेशन हुए है। परीक्षा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 3 अप्रैल है। परीक्षा के झुंझुनू जिला प्रभारी नागरमल जाँगिड़ ने बताया की प्रदेश संयोजक डॉ. दिनेश जांगिड़ सारंग आईआरएस के विशेष प्रयासों से समाज के विद्यार्थियों के लिए राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 26 अप्रैल को दो वर्गों में किया जाएगा। जूनियर वर्ग में कक्षा 6 से 8 तथा सीनियर वर्ग में कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत विद्यार्थी भाग ले सकते है। राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विजेताओं को क्रमश: 31 हजार, 21 हजार व 11 हजार नकद पुरुस्कार, संभाग स्तर के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को क्रमश: 5100, 3100 व 2100 रुपए नकद पुरुस्कार तथा परीक्षा केंद्र स्तर पर आने वाले प्रथम प्रतिभागी को 1100 रुपए पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। परिक्षा का माध्यम हिंदी व अंग्रेजी दोनों रहेगा तथा सभी प्रश्न बहुविल्पिक होंगे। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन हेतु प्रतिभागी 50 रूपये निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन कर सकते है। परीक्षा हेतु सिलेबस जारी कर दिया गया है।

## प्रकृति अध्ययन शिविर का समापन



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** प्रकृति संरक्षण के संकल्प के साथ राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय, चूरू के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय प्रकृति अध्ययन शिविर का समापन हुआ। समापन अवसर पर सभी स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर एवं उपस्थित जनों को प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। स्काउट सीओ महिपाल सिंह तंवर ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है और स्काउट-गाइड इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने और दूसरों को भी प्रेरित करने का संदेश दिया। सीओ गाइड सुभिता कुमारी महला ने बताया कि इस अवसर पर शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्काउट-गाइड को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा सभी प्रतिभागियों को स्मृति स्वरूप किट भेंट किए गए। शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकृति अध्ययन गतिविधियों, जागरूकता कार्यक्रमों एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर में 52 स्काउट गाइड रोवर रेंजर सम्मिलित होकर नरेश कुमार राय, गोपाल लाल बैरवा, विमल कुमार शर्मा, मोहनलाल प्रजापत, अमर सिंह, प्रेमलता शर्मा, कमला देवी के मार्गदर्शन में पर्यावरण से संबंधित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

## बाबा शैलेंद्र नाथ महाराज को मिली डाक्टरेट की मानद उपाधि



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कामाक्षा माँ शैलेंद्र बाबा कामधेनु सेवा संस्थान ट्रस्ट के संस्थापक एवं कुम्भ नाथ दरबार के महंत अघोरी बाबा शैलेंद्र नाथ महाराज को शेखावाटी विश्वविद्यालय की ओर से डाक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा गया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में आयोजित छठे दीक्षांत समारोह में अघोरी बाबा शैलेंद्र को राजपाल हरिभाऊ बागड़े, कुलपति डॉ अनिल कुमार रॉय सहित अन्य अतिथियों ने डाक्टरेट की उपाधि से नवाजा गया। मंडी चौराहे पर अघोरी बाबा शैलेंद्र नाथ भक्तों की ओर डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित होने पर माला साफा पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत सम्मान किया गया। मंडी चोराहे से ही बस स्टैंड से कुम्भ नाथ दरबार तक कस्बे के मुख्य रास्ते से होते हुए बाइक रैली निकाली गई। इस मौके पर निवर्तमान चेयरमैन मनीष चौधरी, प्रमोद पचलँगिया, भास्कर दूलड़, प्रदीप मुहाल, विश्वम्भर बील, सीताराम सोनी, डॉ बी डी शर्मा, रामकुमार सैनी, चंद्र पाल दूलड़, नागर पचलँगिया, कैलाश बियाला, घनश्याम शर्मा, मनीष शर्मा, बन्ने सिंह पारीक, प्रेम पाल दूलड़, नरेश कनोई, राकेश पचलँगिया, मनोज पोरवाल, रामस्वरूप जांगिड़, राजकुमार सोनी, मनीष डोटासरा, ओपी विर्ख, वीरेन्द्र शाह, सुरेश बेसवाल, प्रदीप मोदी, मोनू पंडित, यश पचलँगिया, जगदीश मीणा सहित बड़ी संख्या में बाबा के भक्तगण मौजूद रहे।

# देश के स्वाधीनता आंदोलन की गौरव गाथा में मील का पत्थर है राष्ट्रगीत वंदे मातरम्

निसं




**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में शनिवार को जिला मुख्यालय पर राजकीय लोहिया महाविद्यालय में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रो केसी सोनी ने कहा कि भारत के स्वाधीनता आंदोलन में बहुत सारी घटनाएं रही हैं, जिन्होंने इस आन्दोलन की दशा और दिशा में आमूलचूल परिवर्तन कर दिया। इन सब घटनाओं में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का भी महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। वंदे मातरम् देश के स्वाधीनता आंदोलन की गौरव गाथा में मील का पत्थर रहा है। इस गीत ने सदियों से सुप्त भारत देश की अन्तरात्मा को जागृत किया और देखते ही देखते भारत देश जाग उठा और आधी शताब्दी तक यह गीत स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरक बना रहा। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर देश उस जज्बे, जुनून और जोश के माध्यम से देशभक्ति और राष्ट्र को फिर याद कर रहा है। प्राचार्य प्रोफेसर मंजू शर्मा ने कहा कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम् आज भी हमें प्रेरणा देता है और हमें याद दिलाता है कि इस देश की आज़ादी में कितने ही लोगों ने इस गीत को गाते हुए अपने प्राणोत्सर्ग किए। वन्दे मातरम् जैसे प्रतीक हमारे भीतर बलिदान व उत्सर्ग की भावना को संचारित करते हैं और हमें याद दिलाते हैं कि राष्ट्र सर्वोपरि है। हमें अपने कर्म और कर्तव्य इस तरह संपादित करने चाहिए कि राष्ट्र उत्कर्ष की ओर अग्रसर होता रहे। इस अवसर पर प्रोफेसर सरोज हारित व प्रोफेसर दिनेश कुमार चारण ने वंदे मातरम् से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए स्वतंत्रता आन्दोलन व आजाद भारत में इसके महत्व को रेखांकित किया।

इस दौरान स्वाधीनता सेनानियों को पत्र लेखन, वंदे मातरम सेल्फी पाइंट व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर रूपा शेखावत ने सभी का स्वागत करते हुए आयोजन की जानकारी दी। संगीतकार संजय कुमार सर्वा ने देशभक्ति से परिपूर्ण प्रस्तुतियां देकर सभी के मन में देशभक्ति की भावना का संचार किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में दृष्टि शर्मा, हिमांशु शर्मा, फैजल खान, योगेश, पुलकित, फैजल, हिमांशु, ममता ढाका, पूनम, भूमिका, स्नेहा, प्रिया पिलानिया ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रोफेसर के. सी. सोनी ने महाविद्यालय को उच्च स्तरीय म्यूजकि सिस्टम स्पीकर के साथ भेंट करने की घोषणा की।

इस कार्य के लिए महाविद्यालय परिवार की ओर से उनका अभिनंदन व धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में प्रो ट्विंकल शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो. डॉ. मधु चौधरी, प्रो. महेन्द्र खारडिया, प्रो सुमेर सिंह, प्रो वीना बेनवाल, प्रो धीरज बाकोलिया, प्रो. अशोक पूनिया, प्रो. संजू झाझडिया, प्रो. पूजा प्रजापत, प्रो. एमएस प्रधान, प्रो जयप्रकाश, प्रो प्रशांत शर्मा, प्रो जावेद खान, प्रो हरीश शर्मा, प्रो. अजय तंवर, प्रो रिजुल पूनिया, प्रो रहमत बानो, प्रो भारती जाखड़, प्रो समीक्षा चौधरी, प्रो संदीप कुमार सूंडा सहित महाविद्यालय संकाय सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# भारतीय संस्कृति में गौ सेवा से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं है : हर्षिनी कुलहरी

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष एव निवर्तमान जिलाप्रमुख हर्षिनी कुलहरी ने अपना जन्मदिवस भाजपा शहर मंडल कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय संस्कृति के अनुरूप गौवंश की सेवा के साथ मनाया। भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा की अगुआई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बगड़ रोड स्थित नंदीशाला में गौवंश को सवामणी का भोग लगाकर जिलाध्यक्ष हर्षिनी अतुल कुमार को जन्मदिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित की। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कुलहरी का भव्य स्वागत अभिनंदन भी किया। महिला कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर, माला व चुनरी ओढ़ाकर कर और मंगल गीत गाकर जिलाध्यक्ष का स्वागत कर बधाई दी जबकि मण्डल पदाधिकारियों ने दुपट्टा पहनाकर पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिह्न माँ राणीशक्ति दादी का चित्र भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी ने इस दौरान नन्दियों को हरी सब्जी और डालिये की सवामणी का भोग लगाकर गौवंश की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर कुलहरी ने कहा कि गौ वंश की सेवा से समाज में समृद्धि एवं सात्विकता का विकास होता है। भारतीय संस्कृति में गौ सेवा से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि वे अपने जन्मदिवस पर पाश्चात्य संस्कृति से दूर रहकर भारतीय परंपरा के अनुसार गौ सेवाए ईश्वर पूजन एव सेवा संस्कृति के अनुरूप अपना जन्मदिवस मना रहे हैं। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री दिलीप सैनी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश शर्मा बगड़, जिला कोषाध्यक्ष नवल खंडेलिया, जिला प्रवक्ता संजय मोरवाल, सोशियल मीडिया जिला संयोजक चंद्र प्रकाश शुक्ला, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सावित्री सैनी, ममता शर्मा, सपना रणासरिया, चंदा शर्मा, विनोद राठौड़, अनीता सैनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राकेश सहल, नगर महामंत्री विजेंद्र हतवाल, ताराचंद सैनी, जगदीश गोस्वामी, रामनिवास सैनी, दयाराम सैनी, महेन्द्र सोनी मणिविहार, पार्षद नरेन्द्र शर्मा, उमाशंकर महमिया, रामगोपाल महमिया, अनिल जोशी, रमेश चौमाल, कमल केजड़ीवाल, दिलीप हंससरिया, नंदलाल मोदी, पुरुषोत्तम राणासरिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## इतिहासकार डॉ. मेघना को मिला विद्या श्रीवास्तव मेमोरियल अवॉर्ड




निसं

**बीकानेर ( नवयत्न )।** इतिहास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु बीकानेर की इतिहासकार डॉ. मेघना शर्मा को ग्वालियर में इतिहास की मध्य भारत से प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय जर्नल और मध्य भारतीय इतिहास शोध संस्थान द्वारा भारत की अद्भुत विरासत कला, संस्कृति, पुरातत्व और पर्यावरण विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में विद्या श्रीवास्तव मेमोरियल अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया।

ये अवार्ड डॉ. मेघना के इतिहास के क्षेत्र में बाइस वर्षों के शोध प्रकाशनों, विदेशी विश्वविद्यालयों में उद्बोधनों, इतिहास और महिला अध्ययन आधारित निरंतर पुस्तक प्रकाशन व विविध विषयों पर शोध निर्देशन जैसी अतुलनीय उपलब्धियों के दृष्टिगत दिया गया। मंच से डॉ. मेघना का अभिनंदन पत्र संगोष्ठी संयोजक डॉ. विनय श्रीवास्तव द्वारा पढ़ा गया। मंच से डॉ. मेघना को पुष्पहार, श्रीफल, शॉल, अभिनंदन पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करने वालों में प्रो. संजय स्वर्णकार, प्रो. जिगर मुहम्मद, प्रो. पूरन सहगल, डॉ. नर्मदा प्रसाद उपाध्याय, डॉ. दीपक खरे, प्रो. हंसा व्यास, संगोष्ठी की आयोजन सचिव डॉ. आशा श्रीवास्तव शामिल रहे। डॉ. मेघना वर्तमान में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर में इतिहास विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

## भामाशाह सौंथलिया द्वारा गौ सेवार्थ डीजल टेंपो भेंट



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** जाखल निवासी शकुंतला देवी पत्नी श्यामसुंदर सौंथलिया ने जमवाय ज्योति गौशाला भोड़की में गौ सेवा को समर्पित एक सराहनीय सहयोग दिया है। इनके द्वारा गौशाला को डीजल टेंपो भेंट किया गया। गौशाला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने बताया कि यह टेंपो प्रतिदिन ग्राम में घर-घर जाकर गौ माता के लिए गौ-ग्रास एकत्रित करेगा। इससे जहां गौशाला में गौवंश के लिए पर्याप्त आहार की व्यवस्था सुदृढ़ होगी, वहीं गृहणियों को अपनी प्रथम रोटी गौ माता तक सहजता से पहुंचाने की सुविधा भी मिलेगी। इस अवसर पर गौशाला परिवार की ओर से भामाशाह श्यामसुंदर सौथलिया का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष रामसिंह शेखावत, सचिव कैलाश डूडी, गंगाधर महला, सुभाष सौंथलिया, उम्मेद बोयल, महिपाल सिंह, गौरीशंकर गुप्ता सहित अनेक गौभक्त उपस्थित रहे। गौशाला परिवार ने इस सहयोग के लिए भामाशाह का आभार व्यक्त करते हुए इसे गौ सेवा की दिशा में प्रेरणादायक कदम बताया।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक घायल



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** ट्रैन की चपेट मे आने से व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर को जोधपुर दिल्ली सराय रोहिला सालासर एक्सप्रेस की चपेट में आने से नलिया बास रेल फाटक के पास पोकरचंद 50 पुत्र चौथमल रेगर, निवासी वार्ड नंबर 37 सुजानगढ़ गंभीर घायल हो गया। जिसके हाथ का पंजा अलग हो गया तथा पैर और बाकी शरीर पर भी चोटे लगी। आरपीएफ चौकी इंचार्ज एएसआई रविंद्र सिंह श्योराण, स्टेशन मैनेजर प्रहलाद राय मीणा की सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बूलेंस चालक भरत मौके पर पहुंचे तथा गंभीर घायल को बगड़िया अस्पताल सुजानगढ़ की इमरजेंसी वार्ड मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। डॉ. रामरतन बिस्सू, रामरख ने इलाज किया।

## दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जगदीश प्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय में रामादेवी महिला पीजी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 27-28 मार्च को किया गया जिसका विषय मानवीय अनुभव और वैश्विक चुनोतियाँ : एक बहु-विषयक दृष्टिकोण रखा गया। इस अवसर पर प्रथम दिवस के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विषनावी डेसरआजू ने अपने उद्बोधन में हेल्थ केयर सिस्टम और मेन्टल हेल्थ के बारे में बताया जो पूरी मानवता को प्रभावित करता है उन्होनें वैश्विक दुनिया में स्वास्थ्य और कल्याण पर चर्चा करते हुए कहा कि बदलती जीवन शैली और वैश्विक महामारियों के बीच एक स्वस्थ समाज की नींव प्रकृति के साथ हमारा संतुलन बिगड़ रहा है इसलिए विशेषज्ञों द्वारा इस पर मंथन किया जाना चाहिए विकास और पर्यावरण के बीच तालमेल बैठाना भी अति आवश्यक है। इसी प्रकार दूसरे वक्ता डॉ. निधि अग्रवाल ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आज एआई और डिजिटल क्रांति हमारे जीवन का अभिन्न अंग है हमें समझना होगा कि यह तकनीकी मानवीय मूल्यों को कैसे प्रभावित कर रही है। संगोष्ठी के दूसरे दिन मुख्य वक्ता डॉ. जितेंद्र भीमराव बगुल ने अपने विचारो में भाषा, संस्कृति, रीतिरिवाज और वैश्वीकरण पर साझा किये एक ओर वक्ता डॉ. शिवाजी पाटिल ने मानवीय मूल्यों के बारे में विस्तार से बताया वही डॉ. सीमा सहल ने मानव जीवन में नैतिकता पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रेसिडेंट डॉ. मधु गुप्ता ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि हम इस तरह के सेमिनार समय-समय पर करते रहेंगे कार्यक्रम संयोजक डॉ. धनेश कुमार मीणा ने संगोष्ठी की रुपरेखा प्रस्तुत की। संगोष्ठी समन्वयक डॉ. नाजिया हुसैन ने तकनीकी भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. शिवकुमार, डॉ. पिंकी, डॉ. अंशु, डॉ. सुमिता, डॉ. सविता संगवान, डॉ. अनन्ता शांडिल्य, डॉ. अंजना शर्मा, डॉ. आशा मिश्रा, डॉ. रमाकांत शर्मा सहित देशभर से 300 प्रतिभागी शामिल हुए वहीं 100 से अधिक शोधार्थियों ने अपने शोध पत्रो का वाचन किया।

अंत में कुलसचिव डॉ. अजीत कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# राज्याभिषेक के साथ हुआ रामकथा का समापन

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शहर के रेलवे स्टेशन के पास दुर्गा मंदिर में मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज चिड़ावा की ओर से आयोजित श्रीराम कथा के अंतिम दिन राज्याभिषेक के साथ कथा का विधिवत समापन हुआ। संगीतमय रामकथा में कथावाचक दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से विभूषित वाणीभूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी ने कहा कि राम घट-घट में विराजमान हैं। केवल राम को हृदय में खोजकर उनके प्रति समर्पित होने की आवश्यकता है।

तिवाड़ी ने अंतिम दिन प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक की कथा का वर्णन किया। तिवाड़ी ने मानस प्रेमियों को बताया कि रामचरितमानस प्रेम और जीवन जीने की कला सिखाती है। उन्होंने कहा कि रामायण संमार्ग पर चलना सिखाती है व भाई-भाई से प्रेम और जीवन जीने की कला सिखाती है। कथा के आखिरी दिन राज्याभिषेक के समय राजा रामचंद्र के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। तिवाड़ी ने कहा कि भगवान राम जब रावण को मारकर अयोध्या वापस आए तो अयोध्यावासियों ने उनका बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया। अयोध्यावासियों ने फूल वर्षा कर तथा घर में उत्सव मनाकर घी के दीये जलाकर के राम, लक्ष्मण तथा सीता का स्वागत किया। रामचंद्रजी के राज्याभिषेक में समस्त ब्रह्मांड के देवी देवता पधारे थे। सभी ने राम को राजा बनते देखकर अपार हर्ष व्यक्त किया था। उन्होंने हिंदू धर्म को बढ़ाने के लिए सभी हिंदुओं को धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा देने और उनमें अधिकाधिक संख्या में खुद भी आने और बच्चों को संस्कारित करने के लिए उनको भी धार्मिक आयोजनों में लाकर धर्म की प्रति जागृत करने का आह्वान किया। इस मौके पर कथा वाचक वाणीभूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी का मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज चिड़ावा की ओर से अभिनंदन भी किया गया। समाज अध्यक्ष राजेश सोनी भामा सहित समाज के विशिष्ट जनों ने शॉल, दुपट्टा ओढ़ाकर और माला पहनाकर तिवाड़ी का अभिनंदन किया। इस दौरान भगवान राम के राज्याभिषेक की सजीव झांकी ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में मनोज रोडा, अरविंद रोडा, जयप्रकाश सोनी, सुभाष वर्मा, दिनेश, सौम्या सोनी, बालकिशन शर्मा, गोविंद सोनी, चंद्रमौलि पचरंगिया, मयंक सोनी, ऋषिकेश कुमावत, नरेश, प्रमोद, मुकेश कुमार, बाबूलाल सोनी, अमित, मदन, श्याम सुंदर शर्मा, शीशराम, जगदीश प्रसाद, लीलू सिंह, जनार्दन रोडा, सुलोचना देवी, सुमन देवी, पूजा, मंजू देवी, आशा देवी, हेमलता देवी, गुड्डी देवी, संगीता सोनी, प्रीति सोनी सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## दो भाइयों ने गौशाला को एक बीघा भूमि दान की





निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** सेवा और परोपकार की अनूठी मिसाल पेश करते हुए वीरेन्द्र सिंह व रणजीत सिंह पुत्र मास्टर रामदेव सिंह बुगालिया ने बुगाला गोशाला के लिए 1 बीघा भूमि दान कर समाज में प्रेरणादायक संदेश दिया है। उनके इस सराहनीय कदम की क्षेत्रभर में प्रशंसा की जा रही है। गोशाला अध्यक्ष हीरानन्द बुगालिया, लेखाधिकारी महेन्द्र सिंह व समिति सदस्यों ने दोनों दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस भूमि से गोशाला के विस्तार और गौसेवा कार्यों को नई गति मिलेगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि बढ़ती गौसंख्या को देखते हुए स्थान की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, ऐसे में यह दान अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। इस अवसर पर ग्रामीणों व गोभक्तों ने दोनों भाइयों का सम्मान किया तथा उनके इस पुनीत कार्य को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे दान से ही गौसेवा को मजबूती मिलती है और समाज में सहयोग की भावना बढ़ती है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने दोनों भाइयों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनका यह योगदान लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

## सम्पादकीय

# सीमा-कर पर टकराव

सही मायनों में पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश में सीमा प्रवेश शुल्क को लेकर जारी विवाद ने देश के संघीय ढांचे में व्याप्त एक गहरी खामी को ही उजागर किया है। जो बताता है कि देश के राज्यों की राजस्व जरूरतों तथा अंतर्राज्यीय आवागमन के सिद्धांतों के बीच टकराव के कारण मौजूद हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि हिमाचल प्रदेश फिलहाल वित्तीय संकट की चुनौती से रूबरू है। उसने अपने वित्तीय संसाधन बढ़ाने के लिये दूसरे राज्यों से आने वाले वाहनों पर राज्य में प्रवेश करने का शुल्क लगभग दोगुना करने का निर्णय लिया है। हालांकि, हिमाचल प्रदेश ने यह फैसला अपने आय के स्रोतों को बढ़ाने के लिए लिया था। लेकिन यह वित्तीय फैसला बाद में हिमाचल प्रदेश व पंजाब में राजनीतिक व आर्थिक विवाद का रूप ले चुका है। यही वजह है इस फैसले से ज्यादा प्रभावित राज्य पंजाब ने भी हिमाचल प्रदेश के वाहनों पर ऐसे ही कर बढ़ाने की धमकी दे दी है। वास्तव में हिमाचल सरकार का यह फैसला दूरगामी दृष्टिकोण को नहीं दर्शाता है। यह सर्वविदित है कि हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था बहुत अधिक हद तक पर्यटन उद्योग पर ही निर्भर है। ऐसे में इस कदम का राज्य के पर्यटन उद्योग पर नकारात्मक असर भी पड़ सकता है। यह बढ़ाया गया प्रवेश शुल्क पर्यटकों पर अतिरिक्त बोझ डाल सकता है। खासकर पड़ोसी राज्य पंजाब से आने वाले कम बजट के साथ यात्रा पर निकले पर्यटकों के लिये, जो कि सप्ताहांत में आने वाले पर्यटकों का एक बड़ा हिस्सा है। निस्संदेह, इस फैसले से ऐसे पर्यटक हतोत्साहित हो सकते हैं। इस समस्या का एक पहलू यह भी है कि मौजूदा प्रतिस्पर्धी पर्यटन के परिदृश्य में टैक्स बढ़ाए जाने पर पर्यटक वैकल्पिक पहाड़ी पर्यटक स्थलों की ओर रुख कर सकते हैं। राज्य द्वारा बाद में इस कर-वृद्धि के फैसले की समीक्षा करने का निर्णय लेना, निश्चित रूप से इस मुद्दे की आर्थिक संवेदनशीलता को ही दर्शाता है। यह भी एक हकीकत है कि दो राज्यों के बीच लिए गए कर बढ़ाने के ऐसे फैसलों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत होनी चाहिए। यह जानते हुए कि हिमाचल प्रदेश गंभीर आर्थिक चुनौती का सामना कर रहा है, पंजाब की प्रतिक्रिया संवेदनशील ढंग से सामने आनी चाहिए थी। ऐसे में पंजाब की हिमाचल की तर्ज पर कर बढ़ाने की चेतावनी प्रतिशोधात्मक नीति पर चलने के अप्रिय फैसले को ही उजागर करती है। इस तरह की बदले में कर लगाने की नीति राजनीतिक दृष्टि से भले ही सुविधाजनक लगती हो, लेकिन आम लोगों को इसका खमियाजा भुगतना पड़ता है। ऐसे निर्णय से दैनिक यात्रियों, परिवहन उद्योग से जुड़े लोगों और छोटे व्यवसायियों की आवाजाही बाधित हो सकती है। इनकी यात्रा की सुगमता सीमा पार सुचारू आवागमन पर निर्भर करती है। निर्विवाद रूप से दोनों राज्यों के बीच अंतर्राज्यीय गलियारे व्यापार, श्रम गतिशीलता और क्षेत्रीय एकीकरण की जीवन रेखा के पर्याय होते हैं। यदि हम व्यापक स्तर पर इस समस्या को देखें तो यह घटनाक्रम देश के संघवाद की भावना पर भी प्रश्न उठाता है। यह एक हकीकत है कि वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी ढांचे द्वारा समर्थित हमारी आर्थिकी की संरचना का लक्ष्य आंतरिक व्यापार बाधाओं को कम करना है। दूसरे अर्थों में देखें कि बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों पर असमान रूप से लक्षित करके अतिरिक्त प्रवेश-कर लगाना, इस उद्देश्य को कमजोर कर सकता है। जो अतीत की उस दोषपूर्ण 'चेक पोस्ट' अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित कर सकती है, जो तमाम विसंगतियों को लिए हुए थी। निर्विवाद रूप से ऐसे मामलों में अधिक संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत होगी। यदि राज्य का राजस्व वृद्धि ही लक्ष्य है तो इसके लिये तर्कसंगत टोल प्रणाली को अपनाना होगा। वहीं दूसरी ओर बुनियादी ढांचे के रखरखाव से जुड़े लक्षित उपयोगकर्ता शुल्क जैसे विकल्पों पर भी विचार करना होगा। साथ ही अंतर्राज्यीय संबंधों को टकराव की बजाय संवाद के माध्यम से सुलझाने की जरूरत है।

## विशेष आलेख

# अस्थिरता बढ़ने का अंदेशा

**दबाव की इसी रणनीति के तहत ईरान को लंबे समय से अस्थिरता फैलाने वाले देश के रूप में पेश किया जाता रहा है। खासतौर से उसकी परमाणु क्षमताओं और उसके रूप में इजरायल के अस्तित्व पर सदा मंडराते खतरे को। इस आख्यान में सैन्य कार्रवाई रक्षात्मक एवं आक्रामक, दोनों कसौटियों पर खरी बताई जाती है।**

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध चौथे सप्ताह में प्रवेश कर गया है और अभी इस पर विराम लगने के कोई आसार भी नहीं दिखते। देखा जाए तो यह युद्ध पश्चिम एशिया में किसी सामान्य सैन्य टकराव के बजाय, दबाव और कूटनीति की चिरपरिचित जुगलबंदी को दर्शाता है। अमेरिका लंबे समय से ईरान के प्रति ये तौर-तरीके आजमाता आया है। यह युद्ध उन्हीं का विस्तार दिखता है। बड़ी-बड़ी घोषणाओं को लेकर खास पहचान बना चुके अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैसे तो समग्र समाधान के संकेत दिए हैं, लेकिन यह भी सच है कि युद्ध को लेकर रेखाएं धुंधली होती जा रही हैं।




इस धुंधलके में युद्ध की मंशा और परिणाम, दोनों अस्पष्ट हैं। अमेरिका ने ईरान के समक्ष कुछ बिंदुओं को लेकर पहले से ही दबाव बनाया हुआ था। जैसे यूरेनियम संवर्धन पर रोक के साथ ही समूचे परमाणु कार्यक्रम पर विराम और अपने पोषित छद्म संगठनों के ढांचे को ध्वस्त करना। ये ऐसी शर्तें थीं, जिन पर ईरान कभी सहमत नहीं होता। इसके बाद युद्ध का विकल्प ही शेष था, जिसकी पहल इजरायल ने की और अमेरिका ने समर्थन किया।

यह एक पारंपरिक उकसावे वाले क्रम को ही रेखांकित करता है, जिसमें पहले कूटनीति को अल्टीमेटम के रूप में पेश किया जाता है और फिर उसी को सैन्य कार्रवाई का आधार बनाया जाता है। दूसरी ओर, ईरान ने अपनी परमाणु महत्वाकांक्षा को तो खारिज किया है, पर क्षेत्र में अपनी भूमिका को विस्तार देने की उसकी महत्वाकांक्षाएं और निरंतर बढ़ती क्षमताएं कुछ संदेह पैदा करने वाली भी रहीं।

युद्ध को लेकर बढ़ती अनिश्चितता में ट्रंप के तेवर भी बदलते दिख रहे हैं। ट्रंप ने 23 मार्च को एलान किया कि ईरान के साथ 'बहुत अच्छी और उत्पादक बातचीत' हुई। इससे पहले उन्होंने ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले के लिए एक अल्टीमेटम दिया था और फिर उक्त बातचीत का हवाला देकर उसे पांच दिनों के लिए टालने की बात भी कही। हालांकि ईरान ने ट्रंप की वार्ता के इस दांव को नकारने में देर नहीं की। ईरान अमेरिका के 15 सूत्रीय एजेंडे को खारिज भी कर चुका है और अपनी पांच स्पष्ट मांगें भी सामने रख चुका है। इस सिलसिले का चाहे जो नतीजा निकले, पर अमेरिका ने बार-बार यही दोहराया है कि ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिए जाएंगे। यह दोहराव कूटनीति को एक निश्चित उद्देश्य के साथ जोड़ देता है। इस सबके बीच इन वार्ताओं के इर्दगिर्द बन रहा माहौल भी एक उल्लेखनीय पहलू है। जैसे पाकिस्तान के एक मध्यस्थ के रूप में सामने आने की अटकलें और ईरानी संसद के स्पीकर से लेकर ट्रंप के विशेष प्रतिनिधियों के बीच इस्लामाबाद में संभावित बैठक।

पता नहीं इसमें कितनी सच्चाई है, पर यह तो तय है कि कूटनीतिक विकल्पों की संभावनाएं तलाशी जरूर जा रही हैं। इसमें सभी खेमों की बयानबाजी दबाव बनाने और उसकी काट के रूप में ही देखी जा सकती है। मौजूदा परिदृश्य ट्रंप की चिरपरिचित शैली से मेल खाता है, जिसमें वे अधिकतम दबाव के जरिये सौदेबाजी को प्राथमिकता देते हैं।

दबाव की इसी रणनीति के तहत ईरान को लंबे समय से अस्थिरता फैलाने वाले देश के रूप में पेश किया जाता रहा है। खासतौर से उसकी परमाणु क्षमताओं और उसके रूप में इजरायल के अस्तित्व पर सदा मंडराते खतरे को। इस आख्यान में सैन्य कार्रवाई रक्षात्मक एवं आक्रामक, दोनों कसौटियों पर खरी बताई जाती है। एक तो ईरान को दंडित करना और दूसरा उसकी क्षमताओं को इतना कुंद कर देना कि उसके पास बातचीत के अलावा और कोई विकल्प शेष ही न बचे। इसके बाद किसी संभावित समझौते को सदाशयता के रूप में चित्रित किया जाता है, पर इसमें ईरान के लिए विकल्प नहीं बचते।

किसी संभावित वार्ता में यदि समृद्ध यूरेनियम को हटाने का मुद्दा आता है तो संप्रभुता का सवाल भी आड़े आएगा। इस पर भी सवाल उठेंगे कि क्या ऐसा किया जाना संभव भी होगा। लगता नहीं कि तेहरान में इस पर सहमति बन पाएगी। ईरान द्वारा औपचारिक वार्ताओं से साफ इन्कार संदेह और तनाव दोनों को उजागर करता है। वार्ता को लेकर इजरायल को यह डर सता रहा है कि तनाव घटने से उन उपलब्धियों का महत्व भी घट जाएगा, जिन्हें बड़ी कठिनाई से हासिल किया गया है।

यदि ऐसा कोई ढांचा अस्तित्व में आता है तो यकीनन उसके दूरगामी प्रभाव होंगे। इससे ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर पूरी तरह पर्दा पड़ने के साथ ही उसके छद्म संगठनों पर लगाम लग जाएगी। परिणामस्वरूप क्षेत्रीय शक्ति संतुलन में बड़ा बदलाव आ सकता है। होर्मुज जलमार्ग के खुलने होने से ऊर्जा बाजार में स्थिरता आ सकती है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को कुछ राहत की सांस मिलेगी। वाशिंगटन के लिए भी यह लंबे सैन्य हस्तक्षेप के बोझ से मुक्ति के साथ ही अपने लक्ष्य पूर्ति का पड़ाव बन जाएगा। परमाणु अप्रसार को लेकर उसकी विश्वसनीयता और प्रयासों को प्रतिष्ठा मिलेगी। इसके अपने जोखिम भी हैं। ईरान की अपनी एक विशिष्ट रणनीतिक संस्कृति है। दबाव के बीच भी दृढ़ता इस संस्कृति की विशेषता है। अगर उसे ऐसा लगता है कि किसी भी तरह का संघर्ष विराम अस्थायी एवं रणनीतिक है तो बातचीत बिगड़ सकती है।

इसका नतीजा प्रमुख ऊर्जा ठिकानों पर हमले के रूप में सामने आ सकता है। इससे पूरे क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ेगी और ऊर्जा संसाधनों की कीमतों का रुख परेशानी बढ़ाएगा। अगर रणनीतिक बढ़त को लेकर अमेरिका एवं इजरायल के बीच असहमति बढ़ती है तो उनके समीकरण भी बदलेंगे। अब जो परिदृश्य आकार ले रहा है, वह शांति के बजाय यही दर्शाता है कि आने वाले दिनों में संघर्ष अन्य स्वरूपों में जारी रहेगा। तमाम तरह के कूटनीतिक प्रस्तावों के जरिये ट्रंप सामरिक मोर्चे पर मिली बढ़त को कूटनीतिक परिणामों में बदलने का प्रयास कर रहे हैं। क्या बातचीत की ऐसी पेशकश पश्चिम एशिया से जुड़े सभी समीकरणों को नए सिरे से तय करने का काम करेगी या यह फिर यह एक अस्थायी विराम होगा? इसकी नियति केवल बयानबाजी से नहीं, बल्कि इरादों से तय होगी, जिसमें भरोसे की बड़ी अहमियत होने वाली है।

## स्वास्थ्य समाचार

# सरसों के तेल से करें शरीर की मालिश मिलेंगे आपको यह जबरदस्त फायदे



सरसों के तेल का सेवन जितना सेहत के लिए फायदेमंद होता है, शरीर पर सरसों का तेल लगाना भी उतना ही फायदेमंद होता है। शरीर की मालिश करने से संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा होता है। लोग शरीर की मालिश के लिए देसी घी, नारियल, बादाम तेल और अन्य एसेंशियल ऑयल का प्रयोग करते हैं। लेकिन जब मौसम ठंड बढ़ने लगती है या सर्दियां शुरु होने लगती है, तो ऐसे शरीर की मालिश करने के लिए सरसों का तेल प्रयोग करने की सलाह दी जाती है। सरसों के तेल से मालिश करना बहुत लाभकारी होता है। उनके अनुसार सरसों का तेल कई औषधीय गुणों से भरपूर होता है। यह हेल्दी फैट्स का अच्छी स्रोत है। इसमें मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड और पॉलीअनसेचुरेटेड फैटी एसिड प्रचुर मात्रा में होते हैं। इसके अलावा यह एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटीबैक्टीरियल और एंटी इन्फ्लेमेटरी गुणों के साथ ही ओमेगा-3 और 6 से भरपूर होता है। जिससे यह सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। अगर आप सरसों के तेल से शरीर की मालिश करते हैं, तो इससे अद्भुत फायदे मिलेंगे।

**शरीर में आती है गर्मी :** अगर आप सरसों के तेल से शरीर की मालिश करते हैं, तो इससे शरीर में गर्मी आती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि सरसों का तेल गर्म होता है। यह ठंड के मौसम में भी आपको गर्म महसूस कराता है।

**ब्लड सर्कुलेशन में करे सुधार :** यह आपके शरीर में ब्लड सर्कुलेशन में को बेहतर बनाने और ब्लड फ्लो बढ़ाने में मदद करता है। जिससे शरीर के अन्य अंगों तक रक्त और पोषण बेहतर तरीके से पहुंचता है। साथ ही नसों का स्वास्थ्य भी बना रहता है।

**मांसपेशियों और जोड़ों की जकड़न करे दूर :** जैसे-जैसे ठंड बढ़ती है मांसपेशियों और जोड़ों में अकड़न की समस्या शुरू हो जाती है। कुछ लोगों को इससे दर्द भी होता है। लेकिन सरसों तेल से मालिश करने से यह समस्या दूर होती है।

**हड्डियों को बनाए मजबूत :** नियमित सरसों तेल से जब आप पूरे शरीर के की हड्डियां, मांसपेशियों और जोड़ों की अच्छी तरह मालिश करते हैं, तो हड्डियां मजबूत होती हैं, साथ ही उनमें फ्रैक्चर का जोखिम भी कम होता है।

**शरीर को आराम मिलता है :** सरसों के तेल से मालिश करने से मांसपेशियों में तनाव कम होता है और आप शांत महसूस करते हैं। यह आपको आरामदायक महसूस कराता है। इससे चिंता और तनाव जैसी मानसिक स्थितियों और नींद से जुड़ी समस्या जैसे अनिद्रा की समस्या भी दूर होती है।

### पेट भी रहता है हेल्दी

शरीर की मालिश करने से वात दोष के संतुलन को बनाए रखने में मदद मिलती है। पेट की ज्यादातर समस्याएं वात का अधिकता या असंतुलन के कारण होती हैं। सरसों तेल से मालिश करने से पाचन बेहतर होगा और आपको अपच, ब्लोटिंग, कब्ज, पेट में सूजन, गैस आदि से छुटकारा मिलेगा।

# वजन कम करने के लिए ट्राई करें आसानी से बनने वाली यह रेसिपीज पकाने की भी नहीं जरूरत

आज के समय में हर कोई अपना वजन मेनटेन करके रखना चाहता है। कुछ लोग जो पतले हैं वो मोटा होना चाहते हैं और जो लोग मोटे हैं वो पतला होना चाहते हैं। लोग अपने वजन को कम करने के लिए तरह-तरह के नुस्खे अजमाते हैं लेकिन ज्यादातर लोग सफल नहीं होते क्योंकि वो सही डाइट नहीं लेते हैं। बहुत सारे लोग ऐसे भी हैं, जिनके पास हेल्दी चीजें बनाने का टाइम नहीं होता है इसलिए वो बाजार से लेकर फास्ट फूड्स खा लेते हैं या घर पर ही रेडी टू ईट ब्रेकफास्ट कर लेते हैं। खासकर उन लोगों को काफी मुश्किल आती है, जिन्हें हर रोज खाना पकाने की आदत नहीं होती है। इस खराब आदतों को खत्म करने के लिए और वेट लॉस डाइट में शामिल करने के लिए कुछ आसान व्यंजन हैं, जिनको बनाने के लिए आपको इन्हें पकाने की भी जरूरत नहीं है। ये बहुत आसानी से बिना मेहनत बन जाते हैं और तेजी से वजन घटाने में आपकी मदद कर सकते हैं।



### सेब, दालचीनी ओवर नाइट ओट्स

- यह रेसिपी बहुत स्वादिष्ट है जिसको बनाना भी आसान है यह हमारे स्वस्थ के लिए लाभ दायक है।
- इसको बनाने के लिए एक जार लें और उसमें आधा कप ओट्स, आधा कप नॉन फैट दूध और आधा कप सादा नॉन फैट दही मिलाएं।
- सेब को आधा काट लें।
- कटी हुई सेब की परतों को बर्तन में डालें।
- थोड़ी पिसी हुई दालचीनी और एक चम्मच चिया सीड्स उसके ऊपर छिड़कें और थोड़ा शहद छिड़कें।
- इसको रात भर के लिए फ्रिज में रख दें या फिर सुबह भी बना कर शाम के नाश्ते में भरकर खा सकते हैं।
- यह रेसिपी हमारे वजन को कम करके हमारे शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करती है।

### दही सैंडविच

- एक बर्तन लें और उसमें दो टेबलस्पून हंग दही डालें।
- इसमें आधा कटा हुआ खीरा, एक कटा हुआ टमाटर, आधी कटी हुई शिमला मिर्च और एक कटा हुआ प्याज डालें।
- इनको अच्छी तरह से मिला लें।
- फिर आधा छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, आधा छोटा चम्मच चाट मसाला, थोड़ा नमक और काली मिर्च डालें।
- इन्हें अच्छी तरह मिला लें।
- अब इसे ब्रेड के ऊपर फैलाएं।
- इसे टोस्टेड सैंडविच को ऊपर से ब्रेड के दूसरे टुकड़े के साथ बंद कर दें।
- इसे दो टुकड़ों में काट कर खा सकते हैं।

# सेहत के लिए फायदेमंद है अलसी और चिया सीड्स

चिया सीड्स और अलसी के बीज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स भी डाइट में चिया सीड्स और अलसी के बीजों को शामिल करने की सलाह देते हैं। अगर बात करें, चिया सीड्स की तो इसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, हेल्दी फैट, फाइबर, कैल्शियम, जिंक, कॉपर जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके अलावा चिया सीड्स में प्रोटीन और अमीन एसिड भी होते हैं। वहीं, अलसी के बीजों में कैलोरी, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम और आयरन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। अकसर लोग अलसी के बीज और चिया सीड्स अलग-अलग खाते हैं, लेकिन आप चाहें तो अलसी और चिया सीड्स को एक साथ भी खा सकते हैं।

### अलसी और चिया सीड्स एक साथ खाने के फायदे

- अलसी और चिया सीड्स एक साथ खाना हेल्थ के लिए काफी लाभकारी होता है। इसलिए आप चाहें तो अलसी और चिया सीड्स को एक साथ मिलाकर खा सकते हैं।
- अलसी और चिया सीड्स एक साथ खाने से डाइजेशन में सुधार होता है। इनमें फाइबर पाया जाता है, तो पाचन तंत्र को दुरुस्त बनाते हैं।
- अलसी और चिया सीड्स में एंटीऑक्सीडेंट्स भी पाए जाते हैं। ये गुण हार्ट को हेल्दी बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।
- अलसी और चिया सीड्स को एक साथ खाने से त्वचा से जुड़ी समस्याएं भी दूर हो सकती हैं। ये दोनों त्वचा को चमकदार बनाते हैं। साथ ही दाग-धब्बों से भी छुटकारा मिल सकता है।



- अलसी और चिया सीड्स को एक साथ खाने से वजन घटाने में मदद मिल सकती है। अकसर ही डाइटीशियन भी चिया सीड्स को वेट लॉस डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं।
- अलसी और चिया सीड्स में प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। इससे आपको पर्याप्त एनर्जी और ऊर्जा मिल सकती है।

### चिया और अलसी के बीज एक साथ खा सकते हैं?

चिया और अलसी के सीड्स काफी फायदेमंद होते हैं। वैसे तो लोग अलसी और चिया सीड्स को अलग-अलग खाते हैं। लेकिन आप चाहें तो इन दोनों को एक साथ भी ले सकते हैं। इससे आपको अलसी और चिया सीड्स के पोषक तत्व एक साथ मिल जाएंगे। अब आप सोच रहे होंगे कि आप चिया और अलसी के बीजों को एक साथ कैसे खा सकते हैं?

## आज का राशिफल

### मेष
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में तरक्की के योग हैं। व्यापार की गति बढ़ेगी। लाभ में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें।

### वृष
प्रयास सफल रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। प्रमाद न करें। जल्दबाजी में कोई काम न करें। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है।

### मिथुन
लाभ के मौके बार-बार प्राप्त होंगे। विवेक का प्रयोग करें। बेकार बातों में समय नष्ट न करें। प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

### कर्क
वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे बाद में पछताना पड़े। जोखिम न लें। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा।

### सिंह
प्रसन्नता रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कोर्ट व कचहरी के अटके कामों में अनुकूलता आएगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

### कन्या
नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। भाग्य का साथ रहेगा। सभी काम पूर्ण होंगे। जल्दबाजी न करें। कोर्ट व कचहरी में लंबित कार्य पूरे होंगे।

### तुला
किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। बेवजह विवाद की स्थिति बन सकती है।

### वृश्चिक
चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रतिद्वंद्विता कम होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

### धनु
संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। झंझटों से दूर रहें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। रोजगार में वृद्धि तथा बेरोजगारी दूर होगी।

### मकर
किसी विशेष क्षेत्र में सामाजिक कार्य करने की इच्छा रहेगी। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। कोई बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। लाभ में वृद्धि होगी।

### कुंभ
आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। प्रमाद न करें।

### मीन
प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में कमी रह सकती है। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। दूसरों के उकसाने में न आकर महत्वपूर्ण निर्णय स्वयं लें, लाभ होगा।



# बच्चों के मसूड़ों में आ गई है सूजन, तो अपनाएं ये घरेलू उपाय

मसूड़े यानी गम्स मुंह में मुलायम ऊतक यानी सॉफ्ट टिश्यूज होते हैं, जिनमें कभी-कभी सूजन आ जाती है। यह समस्या काफी असहज करनी वाली होती है, व्यस्क लोग तो मसूड़ों की सूजन को सह लेते हैं। लेकिन शिशुओं के लिए यह समस्या काफी दिक्कत भरी होती है। मसूड़ों में सूजन की दिक्कत शिशुओं को तब होती है, जब उनके दांत निकलते हैं। इस दौरान शिशु काफी परेशान होते हैं। इस स्थिति में माता-पिता को क्या करना चाहिए, किस तरह से बच्चे की देखभाल करनी चाहिए? कौन से उपाय आजमाने चाहिए।

**मसूड़ों में सूजन के अन्य कारण भी :** शिशुओं के मसूड़ों में सूजन सिर्फ दांत निकलने के कारण ही नहीं होती है। इसके अलावा गिरने या चोट लगने पर भी उनके मसूड़ों में सूजन आ जाती है। इसके अलावा कुछ वायरस और मेडिसिन के कारण भी शिशुओं के मसूड़ों में सूजन देखी जाती है। इसलिए पहले यह जानना जरूरी है कि बच्चे के मसूड़ों में सूजन का असल कारण क्या है। इसके लिए आप डॉक्टर का परामर्श जरूर लें।

**आजमाइए कारगर उपाय :** अगर दांत निकलने की वजह से शिशु को मसूड़ों में सूजन है तो कुछ उपायों के जरिए यह दिक्कत ठीक हो सकती है।

**ओरल हाइजीन पर ध्यान दें :** शिशुओं या छोटे बच्चों की ओरल हाइजीन बहुत जरूरी है। बच्चों के दांतों और मुंह को अच्छे से साफ कीजिए या करवाइए। बच्चे के कम ही दांत क्यों ना हों, उसे टूथब्रश करने की आदत डलवाएं। इससे बच्चों के मसूड़ों में सूजन कम से कम होगी।

**ठंडी सिंकाई करें :** अगर बच्चे के दांतों में सजून अधिक है तो ठंडी सिंकाई करें। इसके लिए साफ कपड़े को ठंडे पानी में भिगोएं और निचोड़कर, बच्चे के मसूड़ों पर लगाएं। इस ट्रीटमेंट से मसूड़ों की सूजन में बच्चे को काफी राहत मिलेगी।

**टिथिंग रिंग का यूज :** मार्केट में बच्चों के लिए टिथिंग रिंग आती हैं, आप इन्हें भी आजमाएं। बच्चे अपने मसूड़ों और दांतों से टिथिंग रिंग को चबाते या दबाते हैं, जिससे मसूड़ों की सूजन में कमी देखी जाती है। बस एक बात का ध्यान रखें कि आप बच्चे को लिक्विड बेस्ड टिथिंग रिंग बिल्कुल ना दें।

**नमक वाले पानी का गरारा :** अगर आप बच्चे को पानी पिलाने लगी हैं तो नमक वाले गुनगुने पानी का गरारा कराएं। इससे भी मसूड़ों की सूजन में काफी राहत मिलती है। बच्चा काफी रिलैक्स फील करता है।


### रखें इन बातों का ध्यान

- मसूड़ों की समस्या होने पर अपनी मर्जी से बच्चों को कोई भी दवा ना दें।
- अगर शिशु या बच्चे को मसूड़ों की सूजन ज्यादा असहज करे या इस कारण उसे बुखार जैसी समस्या हो तो डॉक्टर को दिखाएं और उनकी सलाह को अमल में लाएं। जो भी दवा डॉक्टर लिखें, उसे समय पर बच्चे को दें।
- साथ ही जब शिशु या बच्चे को मसूड़ों की समस्या हो तो नमक या चीनी वाले भोजन की मात्रा सीमित कर दें। इसके अलावा पानी भी बच्चे को पर्याप्त मात्रा में पिलाएं।

# कोलन कैंसर के जोखिम को कम करने के लिए अपनाएं ये टिप्स, सेहतमंद बने रहेंगे आप

**आंत** का कैंसर, जिसे मेडिकल की भाषा में कोलोरेक्टल या कोलन कैंसर कहा जाता है। बता दें कि यह कैंसर का एक गंभीर प्रकार होता है, जो हमारी आंतों को बुरी तरह से प्रभावित करता है। कौलन कैंसल होने पर आंतों में ब्लॉकेज के साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों में इसके फैलने का जोखिम बढ़ जाता है। लेकिन अगर समय रहते इसके लक्षणों को पहचान लिया जाए तो इसके जोखिमों को काफी हद तक कम करने और इलाज में मदद मिल सकती है।

आंत का कैंसर होने पर व्यक्ति को पेट संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। जिसमें पेट में दर्द, ऐंठन, दस्त, बाउल मूवमेंट ठीक से न होना, कब्ज, कमजोरी और थकान महसूस होना, अचानक वजन घटना आदि शामिल है। जिसके कारण हमारा पूरा स्वास्थ्य प्रभावित होने लगता है। यदि समय रहते इसके लक्षण पहचान में न आएं और इलाज न मिले तो व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। बता दें कि हमारी डेली रूटीन की आदतें ही कई तरह से आंत के कैंसर का जोखिम बढ़ाने का काम करती है। यदि आप एक हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करते हैं, तो कोलन कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है।



**स्क्रीनिंग कराएं :** अगर आप लंबे समय से पेट संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, तो आपको एक बार स्क्रीनिंग जरूर करानी चाहिए। जिससे आपको पेट संबंधी समस्याओं का सही कारण पता चल सके। स्क्रीनिंग की मदद से आपको कैंसर के शुरूआती स्टेज के बारे में पता लग सकता है।

**फल और सब्जियों का करें सेवन :** सेहतमंद बने रहने के लिए संतुलित भोजन करना बेहद जरूरी होता है। लेकिन जब आंत को स्वस्थ रखने की बात आती है, तो आपको अपनी डाइट में फल और सब्जियों की मात्रा बढ़ा देनी चाहिए।

इसके साथ ही साबुत अनाज का सेवन करना चाहिए। क्योंकि साबुत अनाज में डाइट्री फाइबर की अच्छी मात्रा पायी जाती है। इसलिए प्रयास करें कि जंक फूड, रेड मीट और प्रोसेस्ड फूड्स का सेवन कम करें।

**कंट्रोल में रखें वेट :** शरीर का बढ़ा हुआ वजन यह दिखाता है कि आपका मेटाबॉलिज्म और पाचन सही से काम नहीं कर पा रहा है। यह आंतों के साथ ही आपकी सेहत को भी प्रभावित करता है। एक रिसर्च के अनुसार, मोटापे अधिक होने पर कोलन कैंसर होने का जोखिम होता है।

### जरूर करें एक्सरसाइज

सेहतमंद बने रहने के लिए हमें अपनी डेली रूटीन में एक्सरसाइज को जरूर शामिल करना चाहिए। एक्सरसाइज से न सिर्फ कैंसर बल्कि अन्य तरह के जोखिमों को भी कम किया जा सकता है। इसलिए आप चाहें तो योग भी कर सकते हैं। इसके अलावा जिम भी जा सकते हैं। एक्सरसाइज में पैदल चलना, स्विंग करना और साइकिलिंग कर सकते हैं। लेकिन पूरे दिन में कम से कम 30-40 मिनट एक्सरसाइज करने का समय जरूर निकालें।

### स्मोकिंग और शराब को कहें न

अगर आप भी स्मोकिंग और शराब का सेवन करते हैं, तो यह कैंसर के विकास के जोखिम को बढ़ाता है। इसलिए अगर आप पूरी तरह से स्वस्थ रहना चाहते हैं, तो शराब और स्मोकिंग जैसी आदतों से दूरी बना लें।

# रातभर ईयरबड्स लगाकर सोने से होते हैं ये नुकसान, रहें सावधान

चाहे युवा हो, बच्चे हों या वयस्क। आजकल हर कोई सोते समय अपने हाथ में मोबाइल फोन रखता है। कुछ वीडियो या ओटीटी में रिलीज हुई कुछ फिल्में देखते हुए सो जाते हैं। अगर आप ऐसा कभी-कभार करते हैं, तो इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन, जैसा कि शुरू में ही बताया गया है कि ज्यादातर लोग इसी तरह सोते हैं, इस कारण न सिर्फ स्लीपिंग पैटर्न प्रभावित हो रहा है, बल्कि कान से जुड़ी कई परेशानियां भी देखने को मिल रही हैं। खासकर, जो लोग कान में ईयरबड्स लगाकर गाने सुनते या फिल्में देखते हैं, उन्हें ज्यादा गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

**सुनने की क्षमता खो देना :** अगर कोई व्यक्ति पूरी रात कानों में ईयरबड्स लगाकर गाने सुनता है और उसकी वॉल्यूम बहुत तेज है, तो इससे सुनने की क्षमता पर बहुत बुरा असर पड़ता है। विशेषकर, जब कोई रोजाना ऐसा करता है, तो एक समय बाद कानों में दर्द की समस्या शुरू हो सकती है, जो धीरे-धीरे पूरी तरह सुनने की क्षमता को खत्म कर सकती है।

**कानों में बीप की आवाज आना :** ज्यादातर लोग गैजेट्स का घंटों इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, उससे होने वाले नुकसानों के बारे में नहीं जानते हैं। ईयरबड्स या ईयरफोन के साथ ऐसा ही है। ज्यादातर लोग घर बाहर निकलते हुए, सफर के दौरान ईयरबड्स के जरिए गाने सुनना या फिल्में देखना पसंद करते हैं। यह प्रक्रिया रोजाना दोहराई जाती है। कानों में ईयरबड्स होने के कारण, कानों में ब्लड फ्लो प्रभावित होता है और कानों में एक किस्म का स्ट्रेस पैदा हो जाता है। अगर बीच-बीच में कानों को ईयरबड्स से गैप नहीं दिया गया, तो एक समय के बाद कानों में लंबी बीप की आवाज सुनाई दे सकती है। आपको बता दें, इस स्थिति टिनिटस कहा जाता है, जिसका कोई स्थाई इलाज नहीं है।

**कानों में वैक्स का जमना :** कानों में वैक्स बनना एक प्राकृतिक प्रकिया है। कानों में मौजूद वैक्स, कानों को बाहरी गंदगी, कीड़े-मकोड़े से बचाने के काम आते हैं। यहां तक कि वैक्स की मदद से कान के अंदर नमी भी नहीं बनती, जिससे ईयरड्रम सुरक्षित रहते हैं। वहीं, अगर कोई व्यक्ति लंबे समय तक ईयरबड्स पहनता है, तो इससे कानों की वैक्स अंदर की ओर खिसक सकती है, जो कि कान के लिए सही नहीं है। इस वजह से कानों में घंटियों की आवाज सुनाई दे सकती है, खुजली और सूखेपन की समस्या भी हो सकती है।


**कानों में बैक्टीरिया ग्रो कर सकते हैं :** आमतौर पर, जो लोग रेगुलर स्विमिंग करते हैं, उनके कानों में बैक्टीरिया बनने की समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। क्योंकि स्विमिंग के दौरान उनके कानों में पानी चला जाता है और समय पर कानों में मौजूद नमी को साफ न किया जाए और वहां हवा की आवाजाही बंद हो जाए, तो नमी के कारण बैक्टीरिया जन्म ले सकते हैं।



# बर्फ वाला पानी पीने से सेहत को हो सकते हैं ये नुकसान

गर्मी का मौसम शुरू होते ही लोग ठंडी चीजों का सेवन करने लगते हैं। चिलचिलाती धूप से घर वापस आने के बाद लोग तरह-तरह की ड्रिंक्स पीते हैं। जिसमें ठंडा पानी, लस्सी, छाछ, जूस, नारियल पानी, आम पन्ना आदि शामिल हैं। गर्मियों में प्यास बुझाने के लिए लोग फ्रिज का ठंडा पानी पसंद करते हैं। ठंडा पानी पीने से शरीर को तुरंत ठंडक मिलती है और शरीर में ताजगी आती है।

गर्मियों में शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी का सेवन करना चाहिए। लेकिन आपने अक्सर कुछ लोगों को बर्फ वाला पानी पीते देखा होगा। कुछ लोग फ्रिज से एकदम चिल्ड पानी निकालकर पीने लगते हैं या पानी में बर्फ डालकर पीते हैं। गर्मी में ठंडा पानी पीने में भला ही बहुत अच्छा लगता हो, लेकिन यह आपकी सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक साबित हो सकता है। इससे आपको कई तरह की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।



### पाचन को नुकसान पहुंचता है

बर्फ वाला पानी पीने से आपको पाचन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, ठंडे पानी को पचने में बहुत अधिक समय लगता है। यह भोजन की पाचन क्रिया में बाधा उत्पन्न करता है। अगर खाना खाते समय आप ठंडे पानी का सेवन करते हैं, तो इससे शरीर खाना पचाने की जगह उस ऊर्जा का इस्तेमाल पानी के तापमान को सामान्य करने में लगा देता है। इसलिए कभी भी खाना खाते समय ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए।

### गले से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं

बर्फ वाला पानी पीने से शरीर में ज्यादा मात्रा में बलगम बनने लगता है। इससे गले में खराश, कफ, सर्दी- जुकाम और गले में सूजन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जिन लोगों को सांस संबंधी परेशानी हो, उन्हें बर्फ का पानी पीने से परहेज करना चाहिए।

### सिरदर्द

धूप से आकर बर्फ वाला पानी पीने से सिरदर्द की समस्या हो सकती है। दरअसल, ठंडा पानी पीने से स्पाइन की नर्व्स को ठंडक पहुंचती है, जिसका प्रभाव दिमाग पर पड़ता है। इसकी वजह से सिर में दर्द होने लगता है। जो लोग साइनस की समस्या से ग्रसित हैं, उन्हें भूलकर भी बर्फ वाले पानी का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे उनकी स्थिति गंभीर हो सकती है।

### बवासीर हो सकता है

अगर आप लंबे समय तक बर्फ वाला पानी पीते रहते हैं, इससे बवासीर यानी पाइल्स की समस्या हो सकती है। दरअसल, बहुत अधिक ठंड में चीजें जमने लगती हैं। ठीक इसी तरह, बर्फ वाला पानी पीने से मल सख्त हो जाता है, जिससे बवासीर की समस्या हो सकती है। बहुत अधिक ठंडा पानी पीने से आंत में घाव भी बन सकते हैं। इसकी वजह से आपको मल में खून और पेट में दर्द जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### शरीर में पानी की कमी

शायद आपको यह जानकर हैरानी होगी कि बर्फ वाला पानी पीने से आपको डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। दरअसल, बहुत ज्यादा ठंडा पानी आपकी प्यास को खत्म कर देता है। ऐसे में, थोड़ा सा पानी पीकर भी आपको पानी पीने की इच्छा नहीं होगी। इससे आप कम पानी पिएंगे, जिससे बॉडी डिहाइड्रेट हो सकती है।

# घर में बनाएं ये एलोवेरा हेयर मास्क, बालों की कई समस्याओं से छुटकारा मिलेगा



हर व्यक्ति किसी न किसी तरह की हेयर प्रॉब्लम से परेशान रहता है। किसी को हेयर फॉल होता है, तो किसी को डैंड्रफ की प्रॉब्लम होती है। वहीं, कुछ लोग बालों के रूखेपन की समस्या से ग्रस्त हैं, तो कुछ लोगों स्प्लिट एंट से परेशान हैं। जाहिर है, हर कोई इस तरह की समस्या से राहत पाना चाहता है। लेकिन, अक्सर लोगों इसलिए परेशान रहते हैं, क्योंकि बालों से जुड़ी हर तरह की समस्या के लिए अलग-अलग समाधान होते हैं। आज हम आपके लिए बालों सात तरह की अलग-अलग समस्याओं के लिए एक समाधान लाए हैं। यह है, एलोवेरा। यह एक बेहतरीन घरेलू उपाय के तौर पर जाना जाता है। एलो वेरा विटामिन, फोलिक एसिड, एंजाइम और मिनरल्स से भरपूर है।

### एलोवेरा हेयर मास्क फ्रीजी बालों के लिए

एलोवेरा हेयर मास्क की मदद से आप अपने फ्रीजी बालों को भी सॉफ्ट और शाइनिंग बना सकते हैं। इसके लिए, आपको चाहिए तीन चम्मच एलोवेरा जेल और एक अंडा। इन दोनों को चम्मच की मदद से मिक्स कर लें। इसके बाद, हेयर ब्रश की मदद से इस मिश्रण को सिर पर अप्लाई करें। आधे घंटे के लिए मिश्रण को लगा रहने दें। अब, अच्छी तरह से शैंपू से हेयर वॉश करें ताकि अंडे की स्मेल बालों में न रहे। ये दोनों ही ऐसे प्रोडक्ट है, जो बालों को पोषण देते हैं, जिससे आपके ड्राई और फ्रीजी बालों से छुटकारा मिलता है।

### एलोवेरा हेयर मास्क डैंड्रफ के लिए

एलोवेरा हेयर मास्क की मदद से आप अपने रूखे और बेजान बालों में भी जान भर सकते हैं। इसके लिए, आापको चाहिए दो-दो चम्मच एलोवेरा जेल और दही। विशेषज्ञों की मानें, तो दही में प्रोबायोटिक्स होता है, जो डैंड्रफ की समस्या से निजात दिलाने में मदद करता है। इसके साथ ही, इस मिश्रण से बाल शाइनी भी बनते हैं। अगर आपके बाल काफी ज्यादा रूखे हैं, तो इस मिश्रण में एक चम्मच ऑलिव ऑयल और एक चम्मच शहद भी मिक्स कर सकते हैं। इससे बालों की डैंड्रफ पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

### एलोवेरा हेयर मास्क हेयर ग्रोथ के लिए

एलोवेरा हेयर मास्क का इस्तेमाल बालों की ग्रोथ के लिए भी किया जा सकता है। इसके लिए, आपको चाहिए रात भर भीगे हुए मेथी दाने का पेस्ट और तीन चम्मच दही। दोनों को आपस में अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इस मिश्रण को बालों में लगाएं। आधे घंटे के लिए मिश्रण को बालों पर लगाकर रखें। इसके बाद, हेयर वॉश कर लें। इस मिश्रण को रेगुलर बेसिस पर अप्लाई करें। इससे हेयर ग्रोथ तेजी से होगी।

### एलोवेरा हेयर मास्क बालों को मॉइस्चराइज करने लिए

बालों का रूखापन एक सामान्य समस्या है। ऐसा बालों में तेल न लगाने और अच्छे शैंपू का इस्तेमाल न करने की वजह से ऐसा होता है। आप बालों को ऐलोवरो की मदद से मॉइस्चराइज कर सकते हैं। इसके लिए, जरूरी है कि आप एक एलोवेरा के पत्ते से जेल निकाल लें और दो केले छील लें। इन दोनों को आपस में अच्छी तरह मिक्स कर लें। आप इन्हें मिक्स करने के लिए ब्लेंडर का यूज कर कसते हैं। अब इस मिश्रण को अपने साफ बालों पर अप्लाई करें। दो घंटे के लिए मिश्रण को बालों पर लगे रहने दें। इसके बाद हेयर वॉश कर लें।

### एलोवेरा हेयर मास्क रूखे बालों के लिए

बालों का रूखापन एक सामान्य समस्या है। ऐसा बालों में तेल न लगाने और अच्छे शैंपू का इस्तेमाल न करने की वजह से ऐसा होता है। आप बालों को ऐलोवरो की मदद से मॉइस्चराइज कर सकते हैं। इसके लिए, जरूरी है कि आप एक एलोवेरा के पत्ते से जेल निकाल लें और दो केले छील लें। इन दोनों को आपस में अच्छी तरह मिक्स कर लें।

## पुलिस अधीक्षक ने किया थाने का निरीक्षण



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** झुंझुनू एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने शनिवार की शाम उदयपुरवाटी पुलिस थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने की स्थिति का जायजा लिया। पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस थाने के समस्त स्टाफ से बातचीत की। उन्होंने थाने की भौगोलिक स्थिति पर चर्चा की साथ ही लंबित मामले व स्टाफ के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। पुलिस कर्मियों की समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया गया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस थाने की सुरक्षा दीवार को लेकर जल्द ही फाइल का अवलोकन कर आगे की प्रक्रिया करेंगे। नगर पालिका प्रशासन से बातचीत कर आगे कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए योजना व तरीके से कार्य किया जाएगा। इस मौके पर थाना अधिकारी रामपाल मीणा ने झुंझुनू एसपी कावेंद्र सिंह सागर को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। एसआई ओमप्रकाश, सुभाष चंद्र, जीवनराम सहित पुलिसकर्मियों से रूबरू हुए।

## तहसीलदार ने किया औचक निरीक्षण




निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** तहसीलदार स्नेहलता राजोरिया का अजीतगढ़ क्षेत्र का सघन दौरा रहा जिसमें उनके द्वारा अजीतगढ़ क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अन्नपूर्णा रसोईयों एवं पेट्रोल-पम्पों की कार्यप्रणाली का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने अन्नपूर्णा रसोई हाथीदेह का बारीकी से भोजन चखकर निरीक्षण किया । हरिपुरा स्थित पेट्रोल पंप तथा अजीतगढ़ रीको क्षेत्र के पेट्रोल पंप का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पेट्रोल-पम्पों पर सारी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त पाई गई वहीं निरीक्षण के दौरान अन्नपूर्णा रसोई की 24 सुविधाओं में से 3 आवश्यक सुविधाओं का अभाव पाया गया। जिनमें कचरा पात्र की कमी, टोल फ्री नंबर सहित कुछ जरूरी व्यवस्थाएं नहीं मिलीं। इस पर तहसीलदार राजोरिया ने संबंधित जिम्मेदारों को तत्काल आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं पेट्रोल पंपों के निरीक्षण के दौरान लाइसेंस की जांच की गई तथा पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता और मात्रा की भी जानकारी ली गई। जांच में पाया गया कि सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में समय-समय पर पेट्रोल और डीजल उपलब्ध हो रहा है। इस निरीक्षण के दौरान उनके साथ अतिरिक्त ऑफिस कानूनगो रविंद्र कुलदीप भी मौजूद रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का संदेश गया है।

## काव्य समारोह सम्मुख में गूंजी गीत-गजलों की स्वर लहरियां



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में शनिवार को ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन द्वारा राजस्थान फोरम के सहयोग से काव्य समारोह सम्मुख का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कवियों ने अपनी रचनाओं की प्रभावशाली प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव.विभोर कर दिया। समारोह में डॉ. बकुल देव, महबूब अली महबूब और कृष गौड़ जज्बात सहित अन्य कवियों ने भाग लिया। डॉ. बकुल देव ने अपनी कविताओं के माध्यम से मानवीय संवेदनाओं को गहराई से अभिव्यक्त किया। उनकी पंक्तियां-भाव में नहीं, अभाव में खोजना मुझे और श्तजरिबों में न जहर जाया कर ने श्रोताओं पर गहरी छाप छोड़ी। राजस्थान बाल साहित्य अकादमी से सम्मानित महबूब अली महबूब ने अपनी गजलों से माहौल को सुरमय बना दिया। उनकी प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं सीकर के कृष गौड़ जज्बात ने हिंदी, उर्दू और राजस्थानी में अपनी प्रस्तुति देकर श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। उनकी राजस्थानी गजल को भी दर्शकों ने तालियों के साथ सराहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ शायर लोकेश कुमार सिंह साहिल, वरिष्ठ साहित्यकार फारूक आफरीदी, पुष्कर उपाध्याय, अभिषेक तिवारी, राव शिवपाल सिंह, जगदीश शर्मा, आलोक आनंद, अंजुबाला स्वामी, रेखा सिंह, डॉ. अल्का गौड़ और डॉ. नीरज रावत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन किशन प्रणय ने किया। जबकि अंत में प्रमोद शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## विदेशी महिला के साथ सेल्फी लेने की होड़ में भीड़ ने की अभद्रता

**जयपुर ( नवयत्न )।** ब्रह्मपुरी थाना इलाके में स्थित जल महल के पास एक विदेशी युवती से फोटो खींचाने के बहाने उसके साथ अभद्रता करने का मामला सामने आया है। पुलिस वायरल हुए वीडियो के आधार पर साइबर सेल की मदद से जांच शुरु का दी है। थानाधिकारी हेमंत जनागल ने बताया कि एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें एक विदेशी महिला जलमहल की पाल पर घूमने के लिए आई थी। तभी कुछ युवकों ने उसे सेल्फी लेने के बहाने घेर लिया और जबरन उसके साथ सेल्फी लेने लग गए। शुरू में सामान्य फोटो क्लिक करने की बात लग रही थी, लेकिन जल्द ही स्थिति बिगड़ गई। युवक महिला के बेहद करीब आ गए। एक युवक ने उसके गले में हाथ डालकर खींचने की कोशिश कीए जबकि दूसरे युवक जबरन उसके साथ फोटो लेने लगा। वीडियो में विदेशी महिला स्पष्ट रूप से असहज दिख रही है, और वहां से निकलने का प्रयास कर रही है। हालांकि महिला ने इस मामले में कोई आपत्ति नहीं जताई है। खुद सेल्फी खिंचवा रही थी।

# पुलिस कमिश्नर ने सुनी आमजन की पीड़ा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शनिवार को बस्सी थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान विशेष पुलिस कमिश्नर ऑपरेशंस ओम प्रकाश, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अपराध अजय सिंह, पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पूर्व आलोक सिंघल एवं सहायक पुलिस कमिश्नर बस्सी विनय कुमारआईपीएस व संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान कई परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए थाना स्तर में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान बस्सी सर्किल के बस्सी, कानोता एवं तूंगा पुलिस थाना क्षेत्र के परिवादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस कमिश्नर को बताकर समाधान पाया। जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाता है। समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिया जाता है। गौरतलब है कि इससे पूर्व पुलिस कमिश्नर द्वारा एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा, सामुदायिक भवन सांगानेर, पुलिस थाना शिप्रापथ, विद्याधर नगर एवं भांकरोटा में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।



## कक्षा 9 की छात्राओं को साइकिलें वितरित

तारानगर (नवयत्न)। खरतवास गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मुख्यमंत्री नि:शुल्क साइकिल योजना के तहत कक्षा 9 की छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई। प्रधानाचार्य सुनीता बेनीवाल ने बताया कि योजना के तहत कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाली समस्त छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। इसके साथ बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक विद्यार्थी तथा ग्रामीण मौजूद थे।

## होनहार प्रतिभाओं का किया सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय द वी एस कॉन्सेप्ट के तत्वाधान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मी नारायण शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में परीक्षित माली, रागिनी सैनी, मनीष सैनी उपस्थित रहे। द वीएस कॉन्सेप्ट कोचिंग के निदेशक विकास सिंह चोबदार ने बताया कि कोचिंग में प्रथम स्थान सोनाक्षी स्वामी 95.50: ने प्राप्त किया। जबकि कुलदीप गुलेरिया 92.33, गोविंद 91.17, संजय प्रजापत ने 91 प्रतिशत अंक हासिल किए। रिद्धिमा प्रजापत, शुभम प्रजापत, अक्षत पथानिया, सोफिया सिंह, धनिष्ठा सैनी, आदित्य, आरती आरती, पूजा, अरमान, दशरथ, मानवी आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विक्रम सिंह चोबदार, एडवोकेट मधु चोबदार, योगिता, हरीश, पिंकी सैनी, चिरंजी लाल बागड़ा, सरोज देवी आदि उपस्थित रहे, जिन्होंने भी प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

## ऑरा-द पावर ऑफशी में 50 प्रेरणादायी महिलाओं का सम्मान



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक नेतृत्व को समर्पित समारोह ऑरा-द पावर ऑफ शी का आयोजन सेवा कुंज फाउंडेशन एवं नव्यान फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान जयपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष, मदन राठौर, विधायक, सिविल लाइंस, गोपाल शर्माय बीजेपी प्रदेश मंत्री, एकता अग्रवाल एवं शुभश्री बायोफ्यूल्स एनर्जी लिमिटेड के सागर और आस्था अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया। नव्यान फाउंडेशन से ममता शर्मा एवं राजा यादवए तथा सेवा कुंज फाउंडेशन से शुभा गुप्ता एवं अर्चना पुरोहित के बताया कि इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 50 प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित महिलाओं में पद्मश्री सम्मानित गुलाबो, नीरू यादव, अवनि लेखराए शबाना डागर, माया टंडन, लीला बोरडिया, प्रियल गर्ग सहित कई प्रतिष्ठित नाम शामिल रहे। जिन्होंने अपने कार्य, समर्पण एवं प्रतिभा के माध्यम से समाज में प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। ऑरा-द पावर ऑफ शी केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि महिलाओं की शक्ति, संघर्ष एवं सफलता की कहानियों को सामने लाने का एक सशक्त मंच है, जिसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक सोच और प्रेरणा का प्रसार करना है। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं, उद्योग जगत से जुड़े व्यक्तित्वों एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे यह आयोजन अत्यंत सफल एवं प्रभावशाली रहा। इस आयोजन को सफल बनाने में शुभश्री बायोफ्यूल्स, नर्जी लिमिटेड, महत्मा गांधी हॉस्पिटल एवं महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी का विशेष सहयोग रहा।

### सरला पाठशाला की नेक पहल

## झुग्गी में रहने वाले पीयूष को करवाएंगे सैनिक स्कूल की तैयारी



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** झुग्गी-झोपड़ी, भिक्षावृत्ति और बेसहारा जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का सराहनीय कार्य कर रही सरला पाठशाला चिड़ावा ने एक प्रेरणादायक पहल की है। पाठशाला के एक बच्चे को अब सैनिक स्कूल की तैयारी नि:शुल्क करवाई जाएगी। पाठशाला में पढ़ने वाला अब पीयूष उड़ान एकेडमी चिड़ावा के हॉस्टल में रहकर अध्ययन करेगा और अपने उज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होगा।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा व्यवसायी संदीप भड़िया ने बच्चों को पुस्तकें भेंट करने की घोषणा कीए जिससे उनकी पढ़ाई में सहयोग मिल सके। कार्यक्रम का संचालन नगेंद्र शास्त्री निकुंज ने किया।

## हुडेरा विद्यालय में कमरों के निर्माण से पूर्व हुआ देव पूजन



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ तहसील के ग्राम हुडेरा की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में भामाशाह जोधराज बैद परिवार द्वारा करवाए जा रहे निर्माण कार्य से पूर्व देव पूजन पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ । संस्था प्रधान दौलतराम दायमा ने बताया कि बैद परिवार द्वारा विद्यालय में 15.48 लाख रुपए की लागत से बनवाए जा रहे दो कमरों व शौचालय ब्लॉक के लिए दानदाता परिवार की ओर से भामाशाह प्रेरक कुलदीप व्यास ने विधिवत पूजन किया और कहा कि गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए विद्यालय विकास एवं प्रबंध समिति के सदस्यों की सजगता आवश्यक है ।

## भाजपा जिलाध्यक्ष का किया अभिनंदन

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद के क्रम में शनिवार को चिड़ावा में एक विशेष स्वागत समारोह आयोजित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी के चिड़ावा आगमन पर भाजयुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष आशीष डांगी ओजटू के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व उपाध्यक्ष आशीष डांगी ओजटू ने जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी का मुंह मीठा करवाया और उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मान प्रकट किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जिला प्रमुख के सक्रिय नेतृत्व की सराहना की और संगठन की रीति-नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष के मार्गदर्शन में जिले में हो रहे विकास कार्यों और सांगठनिक सक्रियता पर हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निवर्तमान पार्षद राजकुमार राव, यादवेंद्र सिंह राठौड़, रमेश राव, राहुल कुमास, संजीव महला, लीलाधर जाखड़, राहुल बुगालिया, प्रवीण जांगिड़ और मनदीप पायल सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद थे। सभी उपस्थित जनों ने एक स्वर में जिले में पार्टी के बढ़ते प्रभाव और हर्षिनी कुल्हरी के सशक्त नेतृत्व की सराहना की।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव 2 को



निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। अजीतगढ़ कस्बे के प्राचीन बड़ के बालाजी धाम पर श्री हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रेल के शुभ दिन विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई गई और उन्हें अलग अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। अजीतगढ़ कस्बे के वार्ड नंबर 8 में स्थित प्राचीन श्री बालाजी धाम पर 2अप्रेल को श्री हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर भव्य एवं विशाल भण्डारे के आयोजन के साथ-साथ अनेकानेक आयोजन भी होंगे।

युवा कांग्रेस नेता सुमित पारीक ने बताया कि पुजारी नरोत्तम स्वामी के सान्निध्य में 2 अप्रेल को बालाजी महाराज का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा, मनोरम झांकियां सजाई जाएंगी, अखंड ज्योत जलाई जाएगी, इत्र वर्षा होगी, संगीतमय सुंदरकांड पाठ सहित अनेक आयोजन होंगे। इस अवसर पर विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई जिसमें कार्यकर्ताओं को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। इस अवसर पर पोस्टर का भी विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में क्षेत्रीय विकास परिषद अजीतगढ़ के अध्यक्ष राजेश शर्मा गुरुजी एअमित पारीक, रघुनंदन स्वामी, विजय पारीक, दीपक स्वामी, दीपक पारीक, गजेन्द्र बड़सीवाल, विक्की चौधरी, विक्की पारीक, कमलेश स्वामी, श्याम स्वामी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता लोग मौजूद रहे।

## दैत्य गुरु शुक्र ने खगोलीय परिवर्तन करते हुए अपनी राशी के साथ नक्षत्र बदला

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** दैत्य गुरु शुक्र ने खगोलीय परिवर्तन करते हुए अपनी राशि के साथ-साथ नक्षत्र भी बदल लिया है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, शुक्र ग्रह अब तक गुरु की राशि मीन में उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में गोचर कर रहा था, जो अब मंगल की राशि मेष में प्रवेश करते हुए अश्विनी नक्षत्र में संचार कर रहा है। राशि और नक्षत्र दोनों का एक साथ परिवर्तन दुर्लभ संयोग माना जाता है, जो विभिन्न क्षेत्रों में तेजी, नई शुरुआत और अचानक अवसरों के संकेत देता है। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि शुक्र ग्रह मेष राशि में अश्विनी, भरणी और कृतिका नक्षत्रों से गुजरते हुए 19 अप्रैल को दोपहर 3:46 बजे तक संचार करेगा। इस अवधि में आयात-निर्यात क्षेत्र में वृद्धि के संकेत हैं, वहीं विलासिता की वस्तुओं के दामों में तेजी आ सकती है। राजनीतिक दृष्टिकोण से यह गोचर कुछ राशियों के लिए मिश्रित परिणाम देने वाला हो सकता है। विशेष रूप से कन्या और मकर नाम राशि के अनुसार सत्ता पक्ष के लिए शुभ फलों में कमी तथा असंतोष की स्थिति बनने के संकेत हैं। शुक्र ग्रह भोग-विलास, सौंदर्य, कला, प्रेम संबंध, करियर तथा दाम्पत्य जीवन का कारक माना जाता है, इसलिए इसका प्रभाव व्यापक रूप से देखने को मिलेगा। जिन जातकों की कुंडली में शुक्र ग्रह शुभ स्थिति में है, उन्हें इस गोचर का विशेष लाभ मिलेगा। वहीं, जिनकी कुंडली में शुक्र कमजोर है, उन्हें कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान महिलाओं का सम्मान करना, माता महालक्ष्मी की उपासना, तुलसी के पौधे पर दीप प्रज्वलित करना, शुक्रवार को सुहागिन स्त्री को भोजन कराना तथा गोशाला में हरा चारा दान करना विशेष लाभकारी रहेगा।

## सैनी का बैंक ऑफिसर स्केल-1 के पद परचयन



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** आईबीपीएस द्वारा आयोजित परीक्षा में नीरज सैनी पुत्र सीताराम सैनी सेडूवाली ढाणी वार्ड नंबर-1 नवलगढ़ का बैंक ऑफ बड़ौदा में बैंक ऑफिसर स्केल-1 के पद पर चयन हुआ है। नीरज ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता शिक्षाविद् सीताराम सैनी व बड़े भाई पंकज को दिया है। इस अवसर पर सैनी के ताऊजी रामवतार दहिया, पार्षद छितरमल, प्राचार्य मनीष सैनी, उपप्राचार्य कैलाश सैनी, व्याख्याता राजीव, ललित, पत्रकार ओमप्रकाश राजोरिया, श्रवण फौजी, विशाल, विजेंद्र, शिक्षाविद् छोटेलाल नांगलिया सहित कस्बे वासियों ने बधाइयां प्रेषित की है।


## सार्वजनिक सूचना

यह कि मेरी मुवकिला श्रीमती शारदा देवी पत्नी मनोज गुप्ता निवासी वार्ड नं. 05 खेतड़ी तहसील खेतड़ी जिला झुंझुनूं ने एक ग्राउण्ड फ्लोर क्षैत्रफल 32.75 वर्ग गज व प्रथम मंजील दुकान क्षेत्रफल 51.75 वर्ग गज, को जरिये विक्रय पत्र पत्र सांवरमल पुत्र प्रहलादराय गुप्ता जाती महाजन निवासी वार्ड नं. 05 खेतड़ी तहसील खेतड़ी जिला झुंझुनूं से विक्रय किया था । जिसका पंजीयंन उप पंजियक खेतड़ी जिला झुंझुनू में दिनांक 11.09.2020 में पंजीबद्ध किया गया है। जिसके कमांक नं. 202003449100701 है जो उक्त आवासीय ग्राउण्ड फ्लोर व प्रथम मंजील दुकान वार्ड नं. 05, खेतड़ी तहसील खेतड़ी जिला झुंझुनू में स्थित है, अब मेरी मुवकिला श्रीमती शारदा देवी पत्नी मनोज गुप्ता निवासी वार्ड नं. 05 खेतड़ी तहसील खेतड़ी जिला झुंझुनूं अपने उक्त दुकानो पर PNB Housing Finance से लोन ले रही है। जिसमें मेरी मुवकीला नि श्रीमती शारदा देवी पत्नी मनोज गुप्ता निवासी वार्ड नं. 05 खेतड़ी तहसील खेतड़ी जिला झुंझुनूं द्वारा लोन लेने पर किसी को भी कोई आपत्ती/एतराज हो तो मुझे सात दिवस में सूचना देवें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार के एतराज/उज्र पर विचार नही किया जावेगा।

प्रकाश कुलहरी एडवोकेट
मोबाईल नं. 9413434882



## कार्यालय :- प्रधानाध्यापक एवं सचिव, एस.एम.सी., राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, गोमटिया

### तहसील-सरदारशहर, जिला-चूरू

क्रमांक :- रा.उ.प्रा.वि/गोमटिया/भूमिदोज/2025-26/2065 दिनांक :- 28/03/2026

**खुली नीलामी बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस विद्यालय के तीन कक्षा-कक्षों मय बरामदा को भूमिदोज कर नीलामी द्वारा मलबा व सामान विक्रय कर निस्तारित किया जाना है-

| सामान का कुल अनुमानित मुल्य | अमानत राशि | नीलामी द्वारा विक्रय करने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| रू 15000/- | रू 2000/- | दिनांक 30-03-26 समय 10:00 बजे से बोली छूटने तक |

जीएसटी पंजीकृत बोलीदाता निर्धारित अमानत राशि दिनांक 30-03-26 को 8:00 बजे से 10:00 बजे तक कार्यालय में नकद जमा कर बोली में भाग ले सकते है। शर्तों की जानकारी एवं भूमदोज योग्य कक्षा-कक्ष मय बरामदे का अवलोकन विद्यालय में किसी भी कार्यदिवस को प्रात: 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक किया जा सकता है।

**प्रधानाध्यापक एवं सचिव, एसएमसी**

## कामदा एकादशी के व्रत पर श्रीहरि विष्णु की होगी पूजा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को कामदा एकादशी कहा जाता हैं। कामदा एकादशी को फलदा एकादशी, कामना पूर्ण करने वाली और कांता एकादशी भी कहा जाता हैं। यह व्रत कष्टों को दूर करता हैं और इच्छित फल देता हैं। जो व्यक्ति इस व्रत का पालन करता हैं, उसे प्रेत योनि से मुक्ति मिलती हैं । कामदा एकादशी का व्रत जीवन में समृद्धि, मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति लाता हैं। आचार्य गौरी शंकर शर्मा बोरखेड़ा ने बताया कि इस दिन निराहार या फलाहार व्रत रखकर श्रीमद् भगवद्गीता और विष्णु सहस्रनाम का पाठ करें। पूजा के बाद गरीब और जरूरतमंद लोगों को भोजन, वस्त्रादि का दान करें। चैत्र शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि रविवार को सुबह 7:48 तक रहेगी। उदयातिथि होने से रविवार को ही कामदा एकादशी का व्रत किया जाएगा । इस दिन श्री हरि विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना करने का शुभ समय सुबह 7:52 मिनट से दोपहर 12:29 मिनट तक रहेगा। सोमवार को व्रत का पारायण सुबह 6: 18 से 7:51 के मध्य किया जाएगा।

## हुक्का बार पर छापे के दौरान कर्मचारी की तीसरी मंजिल से छलांग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** टोंक रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में संचालित अवैध हुक्का बार पर शुक्रवार देर रात कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच ने दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई और मैनेजर सहित कई कर्मचारी मौके से फरार हो गए। इस दौरान पुलिस ने बांदीकुई निवासी कर्मचारी दिलीप सिंह गुर्जर को पकड़ लिया। इसी बीच संदिग्ध परिस्थितियों में दिलीप तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया, जिससे उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। घायल को तत्काल एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना को लेकर परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दिलीप के भाई उपेंद्र का कहना है कि पुलिस ने पूछताछ के दौरान उसके भाई के साथ मारपीट कीए जिससे बचने के लिए उसने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। वहीं पुलिस कार्रवाई को लेकर अभी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। मामले की जांच जारी है।

## तेज रफ्तार कार ने रिक्शा चालक को रौंदा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर थाना इलाके में शनिवार सुबह हिट एंड रन की घटना में एक युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मारकर रिक्शा चालक को घायल कर दिया और चालक मौके से फरार हो गया। एक्सीडेंट थाना साउथ पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष बताई जा रही है, जो साइकिल रिक्शा के जरिए कचरा बीनने का काम करता था। सुबह करीब 6:30 बजे वह न्यू सांगानेर रोड पर सेंट एंसलम स्कूल के सामने साइकिल रिक्शा लेकर पैदल जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में घायल को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच अधिकारी एसआई राजेन्द्र सिंह ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस फरार कार चालक की तलाश में जुटी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## सर्व ब्राह्मण समाज की मीटिंग आज

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** सर्व ब्राह्मण समाज अजीतगढ़ के अध्यक्ष पण्डित रमाकांत शर्मा शास्त्री ने समाजबन्धुओं से अनुरोध किया है कि 29 मार्च, 2026 रविवार को दोपहर बाद 4 बजे ब्राह्मण समाज भवन में एक मीटिंग का आयोजन किया जाएगा जिसमें सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु, मतदाता सूची को तैयार करने के लिए विशेष विचार विमर्श करने हेतु, प्रबुद्धजनों के सुझाव प्राप्त करने हेतुए वार्डों एवं मौहल्लों में स्वयंसेवकों की लिस्ट बनाने हेतु एवं 19 अप्रेल, 2026 अक्षय तृतीया के दिन भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए योजना तैयार की जाएगी। इस मीटिंग में सर्व ब्राह्मण समाज के समस्त प्रबुद्ध महानुभावों, युवाओं तथा मातृशक्ति की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय रहेगी।

## छापर पशु हॉस्पीटल का एडीएम ने किया निरीक्षण

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** एडीएम संतोष कुमार मीणा ने छापर स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय औचक निरीक्षण किया। दवाईयों व पशुओं की चिकित्सा संबंधी सामान का निरीक्षण करके एडीएम मीणा ने हॉस्पिटल में आवश्यक दवाईयों के स्टॉक उपलब्ध करवाने, आवश्यक जांच संबंधी चिकित्सा उपकरण व एक्सपायरी हो चूकी दवाईयों के उचित निस्तारण, समस्त स्टाफको समय पर उपस्थित रहने तथा अपना कार्य निष्ठापूर्वक करने के निर्देश दिए। वहीं राजकीय पशु चिकित्सालय में साफसफाई की व्यवस्थाएं उचित पाई गई। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना से अधिकाधिक पशु पालकों को लाभान्वित करने, कृत्रिम गर्भाधान के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए तथा टीकाकरण रजिस्टर, दवाई स्टॉक रजिस्टर व अन्य संबंधित संधारित रजिस्टरों की एडीएम द्वारा जांच की गई।

## प्रिंस कॉलेज की कविता एवं प्रियंका हुई राज्यपाल से सम्मानित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव प्रत्युषा 2026 में सीकर स्थित प्रिंस कॉलेज की कविता बाजिया एवं प्रियंका मीणा का राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मान किया गया है। गौरतलब है कि प्रिंस की कविता ने एम.एस.सी फिजिक्स में 86.17 प्रतिशत एवं प्रियंका ने एम.ए. भूगोल में 80.30 प्रतिशत अंक के साथ शेखावाटी यूनिवर्सिटी को टॉप कर यह सम्मान हासिल किया है। छात्राओं की इस सफलता पर प्रिंस कॉलेज में उत्साह का माहौल रहा। प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर जय सिंह एवं प्रिंसिपल डॉ. मनीष यादव सहित प्रबंधन सदस्यों व व्याख्याताओं ने छात्राओं व अभिभावकों को बधाइयां दी।

# एसबीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशन की ऐतिहासिक दोहरी सफलता खेल और शिक्षा में कीर्तिमान, शहर में गूंजा विजय जुलूस

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** शिक्षा और खेल के क्षेत्र में एक साथ उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए एसबीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशन ने क्षेत्र में गौरव का नया अध्याय रच दिया है। सत्र 2025-26 में जहां एसबीएन पीजी महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने 65 पदक जीतकर इतिहास बनाया, वहीं एसबीएन साइंस स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में शानदार परिणाम देकर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय दिया। एसबीएन पीजी महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 65 पदक अपने नाम किए। इनमें 20 स्वर्ण, 40 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं। खिलाड़ियों ने खो-खो, कबड्डीए, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल सहित कई प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के 24 खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय टीम में हुआ है, जो अब पश्चिमी क्षेत्रीय एवं ऑल इंडिया स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। एसबीएन साइंस स्कूल ने कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय की छात्रा श्रेष्ठा धायल ने 98.50: अंक प्राप्त कर श्रीमाधोपुर में प्रथम स्थान प्राप्त किया, साथ ही राज्य मेरिट सूची में 9वां स्थान हासिल कर संस्थान का नाम पूरे राजस्थान में गौरवान्वित किया। साथ ही अन्य मेधावी विद्यार्थियों में अनुराग जांगिड़ 96.67, गुंजन सैनी 96, तनुष्का सैनी 95.83, तपन सिंह 95.17 एवं देवराज टेलर 95 प्रतिशत ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक श्रेष्ठता को और सुदृढ़ किया। इसके अतिरिक्त 40 से अधिक विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण प्रस्तुत किया। इन उपलब्धियों के उपलक्ष्य में निकाला गया विजय जुलूस महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, मुख्य बाजार क्षेत्र से होकर गुजरा। ढोल-नगाड़ों, देशभक्ति गीतों और जोशीले नारों के बीच खिलाड़ी एवं मेधावी छात्र-छात्राएं खुली गाड़ियों में सवार होकर शहरवासियों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा और मिठाई वितरण कर सभी का भव्य




स्वागत किया। इसी क्रम में गढ़वाल प्रिंटिंग प्रेस, कैलाश हलवाई, एचजीएस ज्वैलर्स, सतवीर सामोता, विनायक कोचिंग, मुकेश कुमावत, मुकेश सैनी, राजपाल बागवान, निठारवाल प्रिंटिंग प्रेस, डीपी टेलर, धारिका कोचिंग एमहेश बुक डिपो, मुकेश चौधरी, राजेंद्र सिंह, राकेश मिस्त्री आदि सम्मानित व्यक्तियों एवं प्रतिष्ठानों द्वारा भव्य स्वागत एवं पुष्प वर्षा की गई। प्रोफेसर डॉ. हंसराज चौहान का माल्यार्पण करके विजय जुलूस में स्वागत किया गया। संस्थान के सचिव प्रदीप घायल एवं निदेशक डॉ. मुकेश कुमार बल्डवाल ने सभी को बधाई दी। प्राचार्य डॉ. एस. के. जाट एवं स्कूल के प्राचार्य सागरमल चौधरी ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह परिणाम आने वाले वर्षों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। खेल कोच बनवारी लाल जीतरवाल ने खिलाड़ियों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन और प्रशिक्षण के कारण ही खिलाड़ियों ने यह मुकाम हासिल किया। एसबीएन ग्रुप ऑफएजुकेशन की यह दोहरी सफलता पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है। खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान ने श्रीमाधोपुर को गर्व का अवसर प्रदान किया है।

## परिवारवाद से बाहर नहीं निकल पा रही कांग्रेस : मदन राठौड़



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने शनिवार को कांग्रेस पर तीखा पलटवार करते हुए विपक्ष पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताया। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तक को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि संकट के समय सभी को राष्ट्र के साथ खड़ा होना चाहिए। जबकि विपक्ष लगातार देश को गुमराह करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। इससे उनके बयानों में राष्ट्रभक्ति का अभाव साफझलकता है। उन्होंने भाजपा पर राष्ट्रभक्ति थोपने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि दुश्मन देश को दलाल कहने पर यदि कांग्रेस नेताओं को आपत्ति हो रही है, तो यह उनकी मानसिकता को दर्शाता है। राठौड़ ने सवाल उठाया कि ऐसे शब्दों से आखिर किसे और क्यों तकलीफहो रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस 'अभाव' की बातें करके देश में अव्यवस्था फैलाने की कोशिश कर रही है।

यदि विपक्ष में सच्ची राष्ट्रभक्ति होती, तो वे आलोचना के बजाय सकारात्मक भूमिका निभाते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर सवाल उठाने वालों को जवाब देते हुए राठौड़ ने कहा कि देश को आज तक इतना मजबूत और प्रभावशाली नेतृत्व नहीं मिला। मोदी की वैश्विक स्तर पर मजबूत पकड़ के कारण भारत की साख बढ़ी है और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के नए अवसर खुले हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि गहलोत स्वयं पुत्र मोह से ग्रसित हैं। गहलोत ने अपने पुत्र वैभव गहलोत को राजनीति में आगे बढ़ाने के लिए कई अवसर दिएए उन्हें राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का अध्यक्ष बनाया और चुनाव भी लड़वाए, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। राठौड़ ने कहा, खुद तो गुड़ खाएं और दूसरों को गुड़ छोड़ने की सलाह देंए यह उचित नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पर परिवारवाद से बाहर नहीं निकल पाने का आरोप लगाते हुए इसे उसकी सबसे बड़ी कमजोरी बताया।

## शातिर चोर सहित चोरी का माल खरीदने वाला सुनार गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हरमाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर और चोरी का माल खरीदने वाले सुनार को गिरफ्तार कर लाखों रुपए के जेवरात बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि हरमाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शातिर चोर अभय प्रताप सिंह जादौन उर्फ अंकित सिंह निवासी करौली और चोरी का माल खरीदने वाले सुनार गणेश सोनी निवासी कालवाड़ रोड, जयपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी नशे का आदी है। और दिन में कॉलोनियों में रेकी करता था। सुनसान मकानों को निशाना बनाकर दीवार फांदकर अंदर घुसता और ताले तोड़कर नकदी व जेवर चोरी कर लेता था। बाद में वह जेवर सस्ते दामों में बेचकर नशे व मौज-मस्ती में पैसा खर्च कर देता था। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का माल बरामद कर लिया है और मामले में आगे की जांच जारी है। थानाधिकारी उदय सिंह ने बताया कि 5 फरवरी 2026 को गणेश नगर निवासी दिनेश मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 4 फरवरी की रात उसके मकान में चोरी हो गई। उस समय वह गांव गया हुआ था और घर पर ताला लगा हुआ था। देर रात पड़ोसी के फोन से चोरी की जानकारी मिली। चोर घर में लगे सीसीटीवी की डीवीआर भी साथ ले गए। चोरी में करीब 1 लाख 60 हजार रुपए नकद सहित सोने-चांदी के आभूषण-मंगलसूत्र, झुमके, अंगूठियां, चैन, नथ, चांदी के सिक्के व अन्य जेवरात चोरी कर लिए गए। इस पर हरमाड़ा थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास 30-40 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान की। जांच के दौरान आरोपियों को चिन्हित करते हुए पकड़ा है।

### गहनोलिया होगी श्नारी शक्ति सम्मान 2026 से सम्मानित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** श्माही संदेश और सीके बिड़ला हॉस्पिटल्स, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी रविवार को नारी शक्ति सम्मान समारोह 2026 एवं श्हेल्थ अवेयरनेस टॉक का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से सीके बिड़ला हॉस्पिटल्स, जयपुर के एडमिन ब्लॉक में आयोजित किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर माही संदेश और रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटी ट्रस्ट की ओर से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं का अभिनंदन किया जाएगा।

## हनुमत् जन्मोत्सव : एकादश कुंडात्मक महायज्ञ में गूंजे वेद मंत्र

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर स्थित पटेल मार्ग के सामने न्यू सांगानेर रोड पर प्रजापति विहार में श्री चिन्ताहरण काले हनुमान जी मंदिर में सात दिवसीय हनुमत् जन्मोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को एकादश कुंडात्मक हनुमत् महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन खोजीजी द्वाराचार्य स्वामी रामरिछपाल देवाचार्य जी महाराज और महामंडलेश्वर मनोहरदास महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। मंदिर प्रवक्ता प्रियाशरण महाराज ने बताया कि यज्ञ के आचार्य पं. अश्विनी चतुर्वेदी के निर्देशन में यजमानों ने यज्ञ मंडप शुद्धि कर कलश देवता, गणेश-गौरी, दिग्पाल और वास्तु पुरुष का आह्वान किया। मुख्य यजमान चंद्रप्रकाश भाड़ेवाला ने सपत्नीक विधि-विधान से पूजन किया। अरणि मंथन से अग्नि प्रज्वलित कर वेद मंत्रों के बीच आहुतियां अर्पित की गईंए जिससे यज्ञशाला का वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ परिक्रमा की। उन्होंने बताया कि महायज्ञ 2 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें वेद मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी जाएंगी। आयोजन के तहत शनिवार से हनुमत् कथा का भी शुभारंभ हुआ। वृंदावन



के पं. केशवदेव महाराज भक्तमाली जी ने व्यासपीठ से कथा श्रवण कराते हुए कहा कि भगवान हनुमान भक्ति के शिखर हैं और उन्होंने स्वयं को भगवान श्रीराम की सेवा में समर्पित कर दिया। हनुमत् कथा 1 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। इसके साथ ही रविवार से भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। 29 मार्च को महेश मित्र मंडल, 30 मार्च को म्हारे घरां पधारो श्याम संस्था, 31 मार्च को श्री बजरंग सत्संग मंडल और 1 अप्रैल को श्री प्रेम भाया मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

## एक शाम माता-पिता के नाम कार्यक्रम आयोजित

निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** चिड़ासन गाँव में आयोजित कार्यक्रम में माता-पिता के प्रति स्नेह व प्यार को दर्शाता है। डॉ मुकेश महला कार्डियोलॉजिस्ट और उसके परिवार ने माता-पिता पन्नाराम महला एवं भतेरी देवी के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें आसपास के गांव वालों एवं चिड़ासन ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भजन संध्या के साथ हुई। वक्ताओं ने माता-पिता की प्रति सम्मान और सेवा भाव को बनाए रखने की बात कही। मुकेश महला कार्डियोलॉजिस्ट एवं उसके परिवार ने माता-पिता के सम्मान में प्रीतिभोज का आयोजन किया यह कार्यक्रम गांव में पारिवारिक मूल्य, आपसी प्रेम और एकता को मजबूत करने की प्रेरणादायक है। डॉ मुकेश द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम की ग्रामीणों ने सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजन करने की समाज एवं ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे आयोजन करने की आवश्यकता बताई। गांव में इस प्रकार के आयोजन से लोगों में आपसी भाईचारा और माता-पिता के प्रति स्नेह प्यार और श्रद्धा से प्यार




और श्रद्धा और सेवा भाव जागृत होता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिवार में कुल तीन भाई एवं तीन बहनें हैं, जिनमें एक भाई भारतीय वायुसेना में सेवारत हैं और दो बहनें शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। कार्यक्रम की शुरुआत सायंकाल भजन संध्या से हुई, जिसमें मानवीयता वृद्धावस्था में परिवार के सदस्यों द्वारा अपने मां-बाप की सेवा करना उन्होंने अपने बच्चों के जन्म से लेकर शिक्षा दीक्षा देकर अच्छे व्यवसाय के लिए तैयार किया गया उस ऋण को भक्ति भाव से सेवाकर के सम्मान भाव से सेवा करने को दर्शाता है। इसके पश्चात सभी उपस्थित परिवार जनों ने ने श्री पन्नाराम महला मां भतेरी देवी देवी से आशीर्वाद प्राप्त किया और माता-पिता के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

## नि:शुल्क नेत्र जांच महाशिविर में हजारों लोगों को मिलेगा लाभ

**जयपुर ( नवयत्न )।** सक्षम संस्था जयपुर द्वारा शहर में एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र जांच महाशिविर का आयोजन रविवार प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक एस.एस.जी. पारीक पी.जी. महाविद्यालय, बनीपार्क में किया जाएगा। शिविर का आयोजन महेश भगवती बलदवा फाउंडेशन, हैदराबाद के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अशोक सिंह सोलंकी ने बताया कि शिविर में वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा लगभग 4 से 5 हजार लोगों का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही जरूरतमंदों को चश्मे, दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी तथा आवश्यक होने पर आंखों के ऑपरेशन की भी व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने बताया कि शिविर में 25 नेत्र रोग विशेषज्ञ, 50 ऑप्टोमैट्रिस्ट और करीब 250 कार्यकर्ता सेवाएं देंगे। शिविर का उद्घाटन सत्र सुबह 9 बजे होगा, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ मुख्य अतिथि रहेंगे।

## भामाशाह द्वारा कंप्यूटर सेट भेंट

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ तहसील के ग्राम नूवां में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में पिछले एक वर्ष से विद्यालय में ऑनलाइन व रोज कंप्यूटर से होने वाले कार्य बार बार प्रभावित हो रहे थे। अशोक आलडिया ने बताया कि विद्यालय की पूर्व छात्रा रही बाल साध्वी हेमलता बाई के सामने जब विद्यालय की ये समस्या रखी तो उन्होंने तुरंत हां कर दी और अपनी माता जी की पुण्यतिथि पर देने की घोषणा की। विद्यालय में उनका भाई बाबूलाल प्रजापत ये 72000/ राशि का कंप्यूटर सेट लेकर विद्यालय को प्रदान किया। इस अवसर पर बाल साध्वी हेमलता बाई ने कहा जब



भी विद्यालय को मेरे सहयोग की आवश्यकता हो तो अवगत करवाना मैं शिक्षा के मंदिर में हमेशा सहयोग करूंगी। विद्यालय की संस्था प्रधान पद्म श्री शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ बलवीर सिंह थोरी, निलेश इंदौरिया, दिनेश चोटिया, मीना, रामगोपाल प्रजापत, देवकरण, सुनील सैनी व विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## पंचायत समिति के तीन अधिकारियों पर गिरी गाज

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** गत दिनों पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने दौरे के दौरान ग्राम पंचायत टिडियासर में साफ सफाई एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों में मिली अनियमितताएं पर नाराजगी जताते हुए फटकार लगाई थी। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग नेआदेश जारी करते हुए विकास अधिकारी सहित तीन अधिकारी को किया निलंबित। प्राप्त जानकारी अनुसार विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद व्यास, एईएन गोपेश कुमार निराला एवं सहायक विकास अधिकारी दिलीप कुमार को निलंबित किया गया है वहीं तीनों के खिलाफ विभागीय जांच जारी। दूसरी ओर टिडियासर निवर्तमान सरपंच सरबती देवी को भी प्रशासक पद से पद मुक्त किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190